Title Code :- RAJHIN27855

THE DAYSPRING NEWS

# दैनिक द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 अंक:247 मूल्य: 3 रू पेज: 8 जयपुर, सोमवार/ 30 सितम्बर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

## संक्षिप्त खबरें

### मेघालय : 2.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

**जोवाई।** मेघालय के पश्चिमी जयंतिया हिल्स जिले में मणिपुर निवासी दो व्यक्तियों के कब्जे से 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक गिरि प्रसाद ने बताया, गोपनीय सूचना के आधार पर पश्चिमी जयंतिया हिल्स पुलिस और राज्य के मादक पदार्थ रोधी कार्यबल के एक संयुक्त दल ने रविवार देर रात फ्रामर मेर पुलिस यातायात चौकी के पास एक वाहन को रोका। खलीहरियट से जोवाई की ओर आ रहे इस वाहन की तलाशी ली गई और भीतर साबुन के 50 डिब्बों में छिपाकर रखी गई 512.63 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। एसपी ने बताया, गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों की पहचान मणिपुर के कांगपोकपी जिले के चुचुंग सेर्टो और चुराचांदपुर जिले के थांगगिन तोवथांग के रूप में हुई है।

### मणिपुर : चार उग्रवादियों से हथियार, गोला-बारूद जब्त

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों को मणिपुर के इंफाल वेस्ट और ईस्ट जिलों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया, ये सभी गिरफ्तारियां रविवार को की गईं। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय सदस्य को इंफाल वेस्ट जिले के फायेंग चिंग खुनोऊ स्थित एक आवासीय इलाके से गिरफ्तार किया गया। उग्रवादी की पहचान 34 वर्षीय अंगोम अचौ सिह के रूप में हुई है, जिसके कब्जे से डबल बैरल राइफल जब्त की गई।

### वियतनाम में चक्रवात का कहर, नौ की मौत

**हनोई।** चक्रवात 'बुआलोई' से हुई भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण मध्य वियतनाम में सड़कें जलमग्न हो गई, छतें उड़ गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गयी। बाद में यह चक्रवात कमजोर होकर तूफान के रूप में सोमवार को लाओस की ओर बढ़ गया। चक्रवात से भारी तबाही हुई, जिसने मकानों, स्कूलों और बिजली के खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया, कई अस्थायी पुल बह गए और कई प्रान्तों में सड़कें एवं निचले जलमार्ग डूब गए। शहरों में बाढ़ के कारण वाहन पानी में डूब गए और ऊंचाई वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के समुदाय का शेष स्थानों से संपर्क कट गया।

## भारत और भूटान के बीच बनेंगे दो रेल संपर्क मार्ग




**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को भूटान के शहरों समत्से और गेलेफू के साथ 4000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो सीमा पार रेल संपर्क स्थापित करने की एक संयुक्त योजना घोषित की।

इस पहल का विवरण रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने एक प्रेस वार्ता में सार्वजनिक किया। मिस्री ने कहा, दोनों सरकारें बानरहाट (पश्चिम बंगाल) को समत्से से और कोकराझार (असम) को गेलेफू से जोड़ने के लिए दो सीमा पार रेल संपर्क स्थापित करने पर सहमत हुई हैं।

उन्होंने कहा, भारत और भूटान के बीच असाधारण विश्वास, आपसी सम्मान और समझ का रिश्ता है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूटान यात्रा के दौरान रेल संपर्क स्थापित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। वैष्णव ने कहा, ये परियोजनाएं भारतीय रेलवे के नेटवर्क से शुरू होंगी। इस समय लगभग 4,033 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इस पहल के तहत 89 किलोमीटर लंबा रेलवे नेटवर्क बनाया जाएगा।

## चांदी पहुंची डेढ़ लाख पर सोने में 1500 का उछाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 7,000 रुपये उछलकर 1.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। सोना भी मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच 1,500 रुपये चढ़कर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले सत्र में 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो शनिवार को 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की




कीमतों में भी भारी तेजी देखी गई और यह 7,000 रुपये उछलकर 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

इससे लगातार चौथे सत्र में बढत दर्ज की गई। पिछले कारोबार में चांदी कीमत 1,43,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजार में सोने और चांदी दोनों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। हाजिर सोना लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 3,824.61 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत से अधिक बढकर 47.18 डॉलर प्रति औंस हो गई। विश्लेषकों के अनुसार, सर्राफा कीमतों में उछाल-मजबूत वैश्विक मांग और कमजोर डॉलर के कारण आया। निवेशकों ने निरंतर वैश्विक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश की ओर रुख किया।

### रुपया अब तक के रिकार्ड निचले स्तर पर

**मुंबई (भाषा)।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 88.79 (अस्थायी) के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और जोखिम से बचने की धारणा में वृद्धि के कारण रुपये में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के भारत के आईटी सेवा निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर निवेशकों की चिंता के कारण रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडरा रहा है।

# बिश्नोई गैंग आतंकी संगठन घोषित

## कनाडा सरकार ने किया ऐलान, जब्त होंगी संपत्तियां

■ एनएसए अजीत डोभाल और कनाडा की एनएसए नताली ड्रोइन के बीच नई दिल्ली में व्यापक वार्ता के एक सप्ताह बाद लिया गया फैसला


फाइल फोटो

### कौन है बिश्नोई गैंग

लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाला बिश्नोई गिरोह एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठन है जो मुख्य रूप भारत में सक्रिय है। इस गैंग को प्रतिबंधित सूची में शामिल करने के साथ कनाडा में ऐसे समूहों की संख्या 88 हो गई है।

**ओटावा।** कनाडा ने सोमवार को कहा कि उसने 'भय का माहौल' पैदा करने के कारण बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन की सूची में डाल दिया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, हिंसा और आतंकी कृत्यों के लिए कनाडा में कोई जगह नहीं है, खासकर उन कृत्यों के लिए जिनमें भय का माहौल पैदा करने के लिए विशिष्ट समुदायों को निशाना बनाया जाता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और कनाडा की उनकी समकक्ष नताली ड्रोइन के बीच नई दिल्ली में व्यापक वार्ता के एक सप्ताह से अधिक समय बाद यह फैसला लिया गया। दोनों पक्षों ने वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत करने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें आतंकवाद व अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिए मिलकर काम करना भी शामिल है। जन सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने सोमवार को कहा, बिश्नोई गिरोह ने विशिष्ट समुदायों को निशाना बनाकर आतंक फैलाया, हिंसा की और धमकी दी। इस समूह को आतंकी घोषित करने से हमें उनके अपराधों से निपटने और उन्हें रोकने का अवसर मिलेगा। बिश्नोई गिरोह को इस सूची में शामिल करने के साथ ही अब कनाडा में आपराधिक संहिता के तहत सूचीबद्ध समूहों की संख्या 88 हो गई है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आतंकी सूची में शामिल करने से संघीय सरकार को संपत्ति, वाहन और धन पर रोक लगाने या जब्त करने की शक्ति मिल गई है। साथ ही कनाडाई कानून प्रवर्तन को आतंकवाद के वित्तपोषण व भर्ती के संबंध में मुकदमा चलाने के लिए अतिरिक्त कारण मिल गए हैं। कनाडा में या विदेश में रहने वाले किसी भी कनाडाई नागरिक के लिए जानबूझकर किसी आतंकी समूह के स्वामित्व वाली या उसके नियंत्रण वाली संपत्ति का लेन-देन करना एक अपराध है।

बयान में कहा गया है कि उनकी कनाडा में मौजूदगी है और वे उन इलाकों में सक्रिय हैं जहां प्रवासी समुदाय बड़ी संख्या में है। कनाडा पुलिस ने कुछ जबरन वसूली के मामलों को इस गिरोह से जोड़ा है। समूह का सरगना भारत की जेल में है। बयान में कहा गया है, बिश्नोई गिरोह हत्या, गोलीबारी और आगजनी के मामलों में लिप्त है और जबरन वसूली व धमकी के जरिए आतंक फैलाता है। वे प्रवासी समुदाय के सदस्यों, व्यवसायों और सांस्कृतिक हस्तियों को निशाना बनाकर उनके बीच असुरक्षा का माहौल बनाते हैं।

बयान में कहा गया है, बिश्नोई गिरोह को सूचीबद्ध करने से कनाडाई सुरक्षा, खुफिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उसके अपराधों से निपटने और समुदायों की सुरक्षा में मदद मिलेगी। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीव्रे ने पिछले महीने संघीय सरकार से बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करने का अनुरोध किया था। जून में, ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबी ने संघीय सरकार से इस गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करने का अनुरोध किया था।

### करूर भगदड़ मामले की एफआईआर में खुलासा

## वाहन के अंदर ही देर तक रहे विजय, बढ़ी भीड़ की बेताबी



**करूर।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के अध्यक्ष अभिनेता-नेता विजय, 27 सितंबर को वेलुसामीपुरम में अपने प्रचार वाहन के अंदर काफी देर तक रुके रहे, जिससे उनकी रैली में शामिल होने के लिए जुटी भीड़ और उसकी बेताबी बढने से भगदड़ की घटना हुई। घटना को लेकर दर्ज की गयी प्राथमिकी में ये कहा गया है। भगदड़ में कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए।

■ टीवीके के तीन पदाधिकारियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

टीवीके के एक सूत्र ने बताया कि पुलिस ने संवेदनशील कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण विजय से कहा है कि वह भगदड़ के पीड़ितों से मिलने सरकारी अस्पताल न जाएं। पुलिस ने अभिनेता के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया है, लेकिन भगदड़ के संबंध में टीवीके के तीन प्रमुख पदाधिकारियों-करूर उत्तर के जिला सचिव मथियाझागन, पार्टी के प्रदेश महासचिव बुस्सी आनंद और टीवीके के उप महासचिव निर्मल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सोमवार को भी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरूणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ की जांच जारी रखी। न्यायाधीश ने सरकारी अस्पताल में मरीज़ों से बातचीत की और बाद में कहा कि जांच पूरी होने के बाद वह सरकार को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगी। अस्पताल में घायल 60 वर्षीय महिला की मौत के साथ भगदड़ में मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 41 हो गई। तीनों पार्टी पदाधिकारियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 125 (दूसरों के जीवन को खतरे में डालना) और 223 (आदेश की अवज्ञा) के साथ-साथ तमिलनाडु सार्वजनिक संपत्ति (क्षति और हानि निवारण) अधिनियम, 1992 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जयपुर सहित 23 जिलों में आज बारिश का अलर्ट

**जयपुर।**

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के बाद अब अरब सागर में भी एक लो-प्रेशर सिस्टम बन गया। इन सिस्टम के प्रभाव से राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को प्रतापगढ़, डूंगरपुर, जोधपुर, बूंदी, बांसवाड़ा समेत कई जिलों में 1 इंच तक पानी बरसा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने मंगलवार को भी जयपुर, अलवर सहित 23 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। यह 3 अक्टूबर तक जारी रहेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान बांसवाड़ा में 9MM, बूंदी के केशवारायपाटन में 3, बूंदी शहर में 4, डूंगरपुर में 5, कोटा के दीगोद में 19, प्रतापगढ़ के दलोत में 22, अरनोद में 17, सुहागपुरा में 10, जोधपुर के बालेसर में 5, भीलवाड़ा के कारोइकलां में 6, पाली में 2, गंगानगर के करणपुर में 24, उदयपुर के झालरा में 4MM बरसात दर्ज हुई।

### इसलिए हो रही बारिश

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- उत्तरी हरियाणा और उसके आसपास एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण (साइक्लोनिक सर्कुलेशन) बना हुआ है। इसके प्रभाव से राज्य के पूर्वी व उत्तरी-पूर्वी भागों में आगामी 2-3 दिन मेघगर्जन के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा अरब सागर में गुजरात के पास खंभात की खाड़ी और उसके आसपास के क्षेत्रों पर एक लो-प्रेशर सिस्टम बना है। इसके असर से दक्षिणी-पूर्वी भागों में आगामी 3-4 दिन मेघगर्जन के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम और भारी बारिश होने की संभावना है।

## कुरुक्षेत्र में दो वाहनों की टक्कर, 5 लोगों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर तेज रफ्तार टाटा हैरियर और मारुति स्विफ्ट कारें आमने-सामने से टकरा गई। इसमें 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए।

■ पांच लोग गंभीर रूप से घायल

आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों कारों के खिड़कियां काटकर अंदर बैठे 10 महिला-पुरुषों को बाहर निकाला। इनमें से 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मरने वाले सभी लोग मारुति स्विफ्ट कार में ही सवार थे, जो यमुनानगर के रहने वाले थे। ये सभी माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पांचों शवो को कब्जे में लेकर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा सोमवार की सुबह हुआ। कैथल जिले के पबनावा गांव के पूर्व सरपंच रामपाल के भाई ऋषि अपनी पत्नी लीला, भाभी संतोष और रिश्तेदार परवीन टाटा की हैरियर गाड़ी में सवार होकर अंबाला जा रहे थे।

## अहमदाबाद हवाई अड्डे को बम की धमकी

**अहमदाबाद (भाषा)।** अहमदाबाद हवाई अड्डा को बम की धमकी वाला एक ईमेल मिलने के बाद, पुलिस ने इसे भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। हालांकि, बम की धमकी झूठी साबित हुई थी। अहमदाबाद के हवाई अड्डा पुलिस थाना के निरीक्षक एन.डी. नाकुम ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि व्यक्ति ने देश के कई अन्य हवाई अड्डों तथा सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों को भी बम की धमकी वाला ऐसा ही संदेश भेजा था। प्राथमिकी के अनुसार, रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा संदेश भेजा गया था।

## महाराष्ट्र : 'आई लव मुहम्मद' को लेकर बवाल

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सड़क पर 'आई लव मुहम्मद' लिखे होने के खिलाफ सोमवार को हुए प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। अधिकारियों ने बताया, इस

■ अहिल्यानगर में हिंसक प्रदर्शनकारियों ने किया पथराव पुलिस ने किया लाठीचार्ज



दौरान पथराव कर रही भीड़ पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस संबंध में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने अहिल्यानगर-छत्रपति संभाजीनगर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया।

आज सुबह कोतवाली क्षेत्र के कोटला में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जब किसी ने सड़क पर 'आई लव मुहम्मद' लिख दिया। इस पर मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने आपत्ति जताई और कोतवाली थाने में इस संबंध में एक शिकायत दर्ज कराई गई। अधिकारी ने कहा, सड़क पर 'आई लव मुहम्मद' लिखने को लेकर एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बावजूद, कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

## RSS के शताब्दी वर्ष पर स्मारक टिकट व सिक्का जारी करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। साल 1925 में विजयादशमी के दिन स्थापित आरएसएस बृहस्पतिवार को अपने 100 वर्ष पूरे कर लेगा।



सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री बुधवार को संगठन के शताब्दी वर्ष समारोह की पूर्व संध्या पर आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले की उपस्थिति में स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आरएसएस की निस्वार्थ सेवा और अनुशासन की प्रशंसा की थी और कहा था कि उसके स्वयंसेवकों के हर कार्य में 'राष्ट्र प्रथम' हमेशा सर्वोच्च होता है। अपने मासिक 'मन की बात' संबोधन में, प्रधानमंत्री ने कहा कि आरएसएस की स्थापना केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में विजयादशमी के दिन देश को बौद्धिक गुलामी से मुक्त कराने के लिए की थी।

## इलेक्ट्रिक वाहनों में लगानी होगी ध्वनि चेतावनी प्रणाली

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक अक्टूबर, 2027 से सभी इलेक्ट्रिक कारों, बसों और ट्रकों में 'ध्वनिक वाहन चेतावनी प्रणाली' (अवास) को अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा है।



'अवास' प्रणाली एक ऐसी सुरक्षा तकनीक है जिसे खासकर इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों के लिए बनाया गया है। दरअसल ये वाहन कम गति पर लगभग बिना आवाज के चलते हैं, जिससे पैदल यात्रियों, खासकर दृष्टिबाधित लोगों को उनके आने का पता नहीं चल पाता है। ऐसे में जोखिम को कम करने के लिए इन वाहनों में लगी अवास प्रणाली के स्पीकर कृत्रिम ध्वनि पैदा करते है, जिसकी तीव्रता और स्वर वाहन की गति और दिशा के हिसाब से बदलते रहते है।

इससे सड़क पर चल रहे लोग वाहन की मौजूदगी और उसकी गति का अंदाजा लगा पाते है। मंत्रालय ने इस संबंध में जारी मसौदा अधिसूचना में कहा है कि अक्टूबर 2026 के बाद विनिर्मित इलेक्ट्रिक यात्री एवं मालवाहक वाहनों के सभी नए मॉडलों में अवास प्रणाली अनिवार्य रूप से मौजूद होनी चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है, 'नए मॉडलों के मामले में एक अक्टूबर, 2026 एवं उसके बाद और मौजूदा मॉडलों के मामले में एक अक्टूबर 2027 को, श्रेणी एम और एम के इलेक्ट्रिक वाहनों में समय-समय पर संशोधित एआईएस-173 में निर्दिष्ट श्रव्यता संबंधी शर्तों को पूरा करने वाले अवास लगाए जाएंगे।'

■ पैदल यात्रियों के साथ दृष्टि बाधित लोगों की सुरक्षा बढ़ेगी


■ 1 अक्टूबर 2027 से प्रणाली लगाना होगा अनिवार्य

श्रेणी एम के इलेक्ट्रिक वाहनों में यात्री परिवहन के लिए बनाई गई इलेक्ट्रिक कारें और बसें आती है जबकि श्रेणी एन के तहत इलेक्ट्रिक ट्रक और मालवाहक वाहन शामिल हैं। अमेरिका, जापान और यूरोपीय संघ के कुछ देशों ने पहले ही हाइब्रिड वाहनों में अवास ध्वनि प्रणाली के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया है।

# जयपुर के सरकारी जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रशासन एवं सरकार मौन

द डेस्प्रिंग

जयपुर जैसी जगह जो की विश्व विख्यात है ऐसी जगह पर भू माफियाओ द्वारा सरकारी जमीनों पर कब्ज़ा कर उस पर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही है, लेकिन सरकार और प्रशासन चुप रह कर तमाशा देख रही है जब ऐसी जगहों पर गरीब लोग अपना सपनो का घर


जमाबन्दी (प्रतिलिपि)
प्रपत्र पी-26 (सी) (देखिये नियम 153 ए)
ग्राम का नाम :- मांचवा
पटवार हल्का :- मांचवा
तहसील :- कालवाड़
जिला :- जयपुर
अंतिम चौसाला आधार संवत :- 2076-2079 जमाबंदी 2079 ( वर्ष 2022 )
भूमि धारक का नाम :- राज.सरकार
क्षेत्रफल की ईकाई :- हैक्टेयर
खाता संख्या नया :- 424
खाता संख्या पुराना :- 404
457/1105 0.8600 बारानी 3 0.8600 1.70
कुल खसरे - 1 0.8600 0.8600 1.7000
नकल जारी करने की तिथि :- 1-Jul-2025
NIC







बना लेती है तब जोन प्लान का हवाला दे कर उसे ध्वस्त कर देती है, लेकिन अफ़सोस इस बात का है की जब अतिक्रमण होता है तब प्रशासन और सरकार क्या करती है,

अगर देखे तो हर जगह आम जनता के मुलभुत अधिकारों का हनन हो रहा है सरकारी जमीन आम जनता के लिए पार्क और खेल खुद की जगह के लिए छोड़ा गया था, लेकिन भू माफियाओ द्वारा उस पर अतिक्रमण कर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही है जब कॉलोनी बस जाती है तब प्रशासन जगती है जिसमे नुकसान आम जनता का ही होता है, प्रशासन मे शिकायत दर्ज होने के बाबजूद भी जयपुर के कई इलाकों मे अतिक्रमण हो रहे है और सरकार शांत है मै गोविन्द ठाकुर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा राष्ट्रीय लोक जनता पार्टी एवं जनता का प्रतिनिधित्व होने के नाते सरकार और प्रशासन से पूछना चाहता हु ये कब तक चलेगा क्या आम जनता के मुलभुत सुविधाओं के साथ खिलवाड़ नहीं ही रहा है क्या आम जनता के साथ ये धोखा नहीं है प्रशाशन समय रहते कार्यवाही क्यूँ नहीं करती

**गोविन्द ठाकुर आमेर विधानसभा प्रदेश सलाहकार मरुधरा किसान यूनियन एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी**

# जिला स्तरीय गणित- विज्ञान मेला आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रानी में संपन्न हुआ

द डेस्प्रिंग




**रानी / नगराज वैष्णव ।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से प्रैरित आदर्श शिक्षा संस्थान बाली का जिला स्तरीय विज्ञान मेला आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रानी में संपन्न हुआ। जिसमें तखतगढ़ ,सुमेरपुर, फालना, बाली, घाणेराव ,नाडोल ,सादड़ी, देसूरी सेवाड़ी ,रानी विद्या मंदिर के 300 भैया बहिनों ने भाग लिया। इसमें गणित व विज्ञान विषय में शिशु ,बाल, किशोर व आचार्य वर्ग में विभिन्न विषयो पर प्रदर्श,पत्र वाचन ,प्रश्न मंच ,प्रदर्श की प्रतियोगिताएं हुई/ निर्णायक के रूप में रामलाल सूजाराम चौधरी , संयोजक प्रधानाचार्य गोविंद वैष्णव , हीरालाल बाली हालुराम सेवाडी , हरिराम तखतगढ़ गोपाल कृष्ण माण्डल वीनू सोलंकी सुमेरधुर जिला विज्ञान प्रमुख गोविन्द राम, जिला गणित प्रमुख महेश सुमेरपुर ?उम्मेद भारती , मांगी लाल सादडी निर्णायक रहे / स्थानीय विद्या मंदिर के अध्यक्ष सुकन राज सुथार, अतिथि एडवोकेट प्रवीण कुमार जैन ने प्रथम द्वितीय आने वाले भैया बहिनों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया / इस अवसर पर गोविंद सिंह राठौड, भरत कुमार , मदनलाल, गणेश राम सुरेंद्र सिंह उदावत ,ओमपाल सिंह , विकास गहलोत, राधा वैष्णव, नरेश कंवर ,रेणुका, आरती, गायत्री आदि उपस्थित रहे। /

# रानी लोकार्पण एवं अनावरण समारोह पृथ्वीराज चौहान तथा स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का

द डेस्प्रिंग



**नगराज वैष्णव ।** रानी नगरपालिका रानी खुर्द द्वारा होली चौक मे पृथ्वीराज चौहान तथा नगर पालिका परिसर मे स्वामी विवेकानंद की मूर्ती का लोकार्पण तथा अनावरण समारोह ताः 1,10,2025 को शाम को मंत्री झांबर सिह खर्रा स्वायत मंत्री व राज्य सभा सांसद व राजस्थान भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड , सांसद पी पी चौधरी , हमारे लाडले विधायक केसाराम चौधरी , निवेदक भरत राठौड चैयर मेन रानी , उपाध्यक्ष डालचंद चौहान, प्रतिपक्ष मोहम्मद इलियास सभी पार्षद गण व ईयो साहब नगरपालिका रानी सुदर्शन जांगु व कर्मचारी गण तथा मूर्ति के प्रेरक पूर्व ई यो साहब नरेन्द्रसिंह काबा ! रानी भाजपा पूर्व अध्यक्ष जयंतिलाल वैष्णव , रानी आर्ट जयपुर ! साथ मे नव निर्मित कार्यलय , ई यो साहब का आवास , दो सडक एक मस्जिद से पिछे किशोर खीमावत तक तथा त्रिवेणी से हनुमान जी मंदिर तक सड़क ! धन्यवाद रानी पालिका बोर्ड व समस्त कर्मचारी ! सभी ठेकेदार तथा श्रवणसिह, महावीर सिंह , ओपी सिह , कैलाश कुमार , सुभाष कुमार , मनीष अग्रवाल ! रानी पाल सिंह

## रामलीला में शबरी मिलन, सुग्रीव मित्रता,बाली वध का मंचन

# बाली वध देख दर्शकों ने जय श्री राम का लगाया जयकारा

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज दीपक भारद्वाज ।** वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा चल रही रामलीला में राम हनुमान मिलन, राम सुग्रीव मित्रता, शबरी नवधा का मंचन हुआ। रामलीला में प्रभु श्री राम व लक्ष्मण माता सीता की खोज में वन-वन भटक रहे थे। माता सीता की खोज करते हुए प्रभु श्री राम शबरी आश्रम पहुंच गए। यहां राम ने शबरी के झूठे बैर खा कर भगवान और भक्त के निस्वार्थ प्रेम को दर्शाया। भगवान राम ने शबरी को नवधा भक्ति बताते हुए, सीता की सुध पूछी, शबरी ने बताया कि आगे ऋष्यमूक पर्वत पर सुग्रीव मिलेंगे वहीं माता सीता की खोज में आप की मदद करेंगे। इस दौरान दर्शकों को श्री राम व हनुमान के अलौकिक मिलन देखने को मिला। सुग्रीव अपने बड़े भाई बाली के डर से ऋष्यमूक पर्वत पर अपने विश्वसनीय मित्रों के साथ रहते हैं। हनुमान जी ने सुग्रीव के बारे में बताते हुए कहा कि सुग्रीव अपने भाई बाली से बहुत परेशान हैं। बाली ने सुग्रीव का धन-स्त्री आदि सब कुछ छीन लिया। धन-स्त्री के हरण होने पर सुग्रीव दुखी होकर चार मंत्रियों के साथ ऋष्यमूक पर्वत पर रहने लगे हैं। हनुमान श्रीराम-लक्ष्मण को आदरपूर्वक सुग्रीव के पास ले गए और अग्नि के साक्षित्व में श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता कराई। भगवान ने सुग्रीव को आश्वस्त किया कि उनके दुखों का जल्द अंत होगा। भगवान श्री राम ने बाली का एक ही बाण में वध कर दिया। यह देख दर्शक प्रभु श्री राम का जयकारा लगाने लगे, प्रभु श्री राम के जयकारा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। बाली के मरने के बाद प्रभु श्री राम ने सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बना दिया, वहीं अंगद को युवराज। इसके बाद सुग्रीव ने हनुमान जी के साथ असंख्य वानरों की सेना माता सीता जी की खोज में चारों दिशा में भेजा। कार्यक्रम का संचालन स्टेज सेक्रेटरी एडवोकेट अमित रस्तोगी ने किया यहां रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, महामंत्री भीमसेन गर्ग, उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, एमपी तिवारी, राजेंद्र सिंह चौहान, अमित रस्तोगी, शिवपाल सिंह चौहान, सुरेश जैन, पवन अग्रवाल, भगवान सिंह भंडारी, नीरू गुप्ता, अभिषेक जैन, दीपचंद्र कौशल, बंटी कौशल, मनोज अरोरा,, नरेश ठाकुर, सत्येंद्र दिवाकर, महिपाल सिंह चौहान मौजूद रहे।

# 30 सितम्बर को आएंगे कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला धौलपुर प्रभारी ईरशाद खान

### संगठन सृजन अभियान के तहत अल्पसंख्यक विभाग की बैठक आयोजित होंगी

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग





राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिला प्रभारी ईरशाद खान एवं सह प्रभारी जावेद खान 30 सितम्बर 2025 को दोपहर 2 बजे धौलपुर जिले में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक विधायक शोभारानी कुशवाहा जी के कार्यालय पर आयोजित होने वाली बैठक में भाग लेंगे। बैठक में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष पद हेतु विचार-विमर्श किया जाएगा तथा इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन लिए जाएंगे। इन बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारीगण, सभी ब्लॉक अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल कांग्रेस, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग सहित कांग्रेस के सभी अग्रिम संगठनों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमर फारूक उस्मानी ने दी।

# रेरा राजस्थान की वेबसाइट 1 माह से ठप

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (RERA) की वेबसाइट पिछले एक माह से ठप पड़ी है। इस साइट पर न तो नए प्रोजेक्ट्स का रजिस्ट्रेशन हो रहा और न ही पुराने प्रोजेक्ट्स की कंप्लायंस रिपोर्ट की अपडेट जानकारी आमजन को मिल रही है। प्रदेश में बिल्डरों और निजी खातेदारों समेत सरकारी एजेंसियों (यूआईटी, विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड और नगरीय निकाय) के प्रोजेक्ट्स की सम्पूर्ण डिटेल इसी साइट पर मिलती है। पिछले एक माह से जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर, सीकर समेत कई जिलों में बड़ी संख्या में नए आवासीय प्रोजेक्ट्स लॉन्च हुए हैं। लेकिन इन प्रोजेक्टस की जानकारी लेने के लिए जब आमजन रेरा नंबर से रेरा की साइट पर सर्च कर रहे हैं तो उस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल रही है।

# विधायक राजेंद्र ने ली मंडावर सीएचसी की मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी बैठक

## जांच समय बढ़ाने के निर्देश, निजी लैबों की मनमानी पर लगेगा अंकुश

द डेस्प्रिंग




**मनोज खंडेलवाल / मंडावर।** लंबे समय से मंडावर क्षेत्र के मरीजों और उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर उठ रही शिकायतों का आखिरकार समाधान निकला। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मीणा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मंडावर में मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की महत्वपूर्ण बैठक ली, जिसमें अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर गंभीर मंथन हुआ और कई बड़े सुधारात्मक निर्णय लिए गए। बैठक का सबसे बड़ा फैसला जांच और सैंपल लेने के समय को दोपहर 12 बजे से बढ़ाकर 2 बजे तक करना रहा। इससे अब मरीजों को समय पर अस्पताल में ही जांच की सुविधा मिलेगी। पहले 12 बजे के बाद जांच बंद हो जाने के कारण मरीजों को मजबूरन बाहर स्थित निजी लैबों का सहारा लेना पड़ता था, जहां उन्हें महंगी जांचों के लिए भारी रकम चुकानी पड़ती थी। इस दौरान लगातार यह शिकायते भी सामने आ रही थी कि कुछ अस्पताल कर्मियों की मिलीभगत से यह गोरखधंधा फल-फूल रहा था। विधायक मीणा ने इस पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट कहा कि अब यह खेल नहीं चलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जांचें अस्पताल में ही निशुल्क उपलब्ध कराई जाएं और मरीजों को बाहर जाने की जरूरत न पड़े। इसके लिए संबधित को अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था करने के आदेश भी दिए, ताकि किसी भी मरीज को जांच में देरी या परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई को प्राथमिकता देने, मरीजों और उनके परिजनों के साथ शालीनता और संवेदनशीलता से पेश आने तथा सेवाओं को मानक स्तर पर लाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल को क्षेत्र का आदर्श चिकित्सा केंद्र बनाते हुये शीघ्र ही उपजिला अस्पताल में भी क्रमोन्नत कराने के प्रयास रहेंगे, अस्पताल के कार्मिको व चिकित्सा स्टॉफ के द्वारा यहाँ का वातावरण मरीजो व उनके परिजनो के प्रति सेवाभाव का बनाया जायें जिससे हर मरीज को सम्मान और सहयोग के साथ बेहतर इलाज की सुविधा मिले। बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉ. नरसीराम मीणा ने अस्पताल में हाल ही में बेड की संख्या 30 से बढ़ाकर 50 किए जाने को लेकर इस बावत स्टाफ की भारी कमी को बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि पर्याप्त कार्मिक नहीं होने से बढ़ी हुई क्षमता का सही लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही स्थायी समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे और फिलहाल वैकल्पिक स्टाफ की अस्थायी व्यवस्था का भरोसा दिलाया। विधायक मीणा ने यह भी भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में अस्पताल के संसाधनों और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सरकार से हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अस्पताल स्टाफ को चेताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और सभी कर्मचारी ईमानदारी व समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में उपखंड अधिकारी अमित वर्मा, बीसीएमओ महवा डॉ. रोहित शर्मा, तहसीलदार अक्षयप्रेम चेयरवाल, सीएचसी प्रभारी डॉ. नरसीराम मीणा सहित अनेक चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इस अहम बैठक से क्षेत्र के हजारों मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अब उन्हें अस्पताल में ही समय पर जांच सुविधा उपलब्ध होगी और निजी लैबों की मनमानी से छुटकारा मिलेगा। यह निर्णय चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आमजन का अस्पताल पर भरोसा बहाल करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## गौ माता को 'राज्य माता' घोषित करने की मांग,

# मुख्यमंत्री को समाजसेवी मनोज गंगवाल ने प्रेषित किया ओपन लेटर

द डेस्प्रिंग

**नावा सिटी ।** समाजसेवी मनोज गंगवाल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ओपन पत्र प्रेषित कर गौ माता को ÷राज्य माता÷ घोषित करने तथा प्रदेश में गो-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु कठोर कानून बनाने की मांग की है। गंगवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि यह मांग केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गौ माता सनातन संस्कृति और भारतीय जीवनशैली की प्रतीक हैं। कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैव विविधता और आत्मनिर्भरता की आधारशिला भी गौ माता ही हैं। गंगवाल ने कहा कि गौ माता की रक्षा से पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन और ग्रामीण आत्मनिर्भरता जैसे कई क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस संबंध में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर पूरे प्रदेशवासियों की आस्था, विश्वास और संस्कृति को सम्मान प्रदान करें।

### पत्र में गंगवाल ने मुख्यमंत्री से करबद्ध प्रार्थना करते हुए 5 मुख्य बिंदुओं पर तुरंत ठोस कदम उठाने की अपील की

1. गौ माता को राज्य माता घोषित किया जाए।
2. प्रदेश भर में गो-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु सख्त कानून बने।
3. गौ रक्षा, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रदेश स्तर पर ठोस नीति बनाई जाए।
4. गौ तस्करी व अत्याचारों को संज्ञेय अपराध घोषित कर दोषियों को कठोर दंड दिया जाए।
5. गौशालाओं का विकास कर उनके संचालन हेतु पर्याप्त अनुदान एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

## सीकर में दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम

# देर रात तक चल रहे कार्यक्रमों में भारी संख्या में उमड़ रहे है भक्त

द डेस्प्रिंग

**सीकर।** जिले में विभिन्न स्थानों पर दूर्गा पूजा महोत्सव आयोजित किए जा रहे है। वहीं राधाकिशनपुरा के 70 बिघा में मां दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा दूर्गा पूजा महोत्सव श्री राम वाटिका में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में प्रतिदिन मां दुर्गा की महाआरती के पश्चात विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रम व नृत्य प्रस्तुतियां दी जाती है। रविवार को दुर्गा पूजा महोत्सव में बजरंग दल की बालिकाओं द्वारा एक से बढ़कर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान आचार्य पंडित सुमित कुमार पारीक तारपुरा वाले, शंकर लाल सांखला, सुरेंद्र, बलवीर सैनी, रामगोपाल अग्रवाल,अवतार सैनी, ओमप्रकाश सैनी, सुमित सैनी, रवि तंवर, जतिन सांखला, राजेश सैनी सहित दूर्गा पूजा सेवा समिति के पदाधिकारी व आमजन मौजूद रहे।



# इंसॉल्वेंसी और बैंकरप्टसी में अपने शोधपत्र के माध्यम से रांका ने भारत की नई आर्थिक और कानूनी सोच को मजबूती कि प्रदान

द डेस्प्रिंग




पाली शहर के युवा एडवोकेट सौरभ रांका ने हैदराबाद में 28 और 29 सितम्बर को आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलन, इंसॉल्वेंसी और बैंकरप्टसी में अपने शोधपत्र के माध्यम से भारत की नई आर्थिक और कानूनी सोच को मजबूती प्रदान की है, इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन इंसॉल्वेंसी ऐंड बैंकरप्टसी बोर्ड ऑफ़ इंडिया (आई.बी.बी.आई.) और इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नस (आई.एस.बी.) हैदराबाद ने संयुक्त रूप से किया था। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत में दिवालियापन और ऋणशोधन प्रणाली में आने वाले नए सुधारों के लिए ठोस विचार और शोध जुटाना था। इसमें पूरे देश से चुनिंदा 24 विद्वानों और शोधकर्ताओं को आमंत्रित किया गया, जिनमें पाली के सौरभ रांका भी शामिल रहे। सौरभ ने ÷कंपनी संकट से पहले निदेशकों की जिम्मेदारी÷विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। साधारण भाषा में कहें तो उनका शोध इस पर केंद्रित था कि जब कोई कंपनी मुश्किल दौर या दिवालियापन की ओर बढ़ रही होती है, तब निदेशकों की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी पहले से ही तय होनी चाहिए, ताकि आर्थिक संकट और रोजगार पर गहरा असर न पड़े। यह विषय भारत जैसे विकासशील देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाले समय में इस शोध से आई.बी.सी. कानून में सुधार का मार्ग प्रशस्त होगा। सम्मेलन में देश-विदेश के कई प्रमुख वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम और डेलॉइट इंडिया के पूर्व चेयरमैन पी.आर. रमेश जैसे दिग्गजों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाया। आयोजकों ने कहा कि इस सम्मेलन से निकले विचार और शोधपत्र भविष्य में भारत की दिवालियापन व्यवस्था को अधिक सशक्त और जवाबदेह बनाने में सहायक होंगे। सौरभ रांका ने पिछले वर्ष यूनिवर्सिटी ऑफ़ ऑक्सफ़ोर्ड में भी अपने शोध प्रस्तुत कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर सौरभ ने कहा कि -÷मेरे लिए यह क्षण केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि पाली की युवा पीढ़ी के लिए यह संदेश है कि मेहनत और शिक्षा से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचना संभव है।

# महवा पुलिस का बड़ा धमाका: 35,000 के इनामी कुख्यात अपराधी को दबोचा

## डबल मर्डर सहित 15 संगीन मुकदमों में था वांछित

द डेस्प्रिंग

**महवा /मनोज खंडेलवाल ।** पुलिस ने रविवार देर रात अपराध जगत को हिला देने वाली बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए इलाके के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल कुख्यात बदमाश दीपक गुर्जर को हथियार समेत धर दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए। इस खूंखार अपराधी पर महानिरीक्षक भरतपुर रेंज द्वारा ?35,000 का इनाम घोषित था। दीपक करौली जिले के टोडाभीम थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड सहित हत्या, डकैती, लूट, चोरी, अवैध हथियार रखने और एससी/एसटी एक्ट जैसे करीब 15 संगीन मामलों में फरार चल रहा था।

### कांस्टेबल ने दिखाई जान की परवाह किए बिना बहादुरी, हथियार समेत दबोचा।

रविवार रात सीओ महवा मनोहरलाल मीना को सूचना मिली कि इनामी अपराधी दीपक गुर्जर जो कि ग्राम रसीदपुर इलाके में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उनके सुपरविजन में विशेष टीम गठित कर इलाके में नाकाबंदी की गई। जैसे ही पुलिस की गाड़ियां नीमड़ी मोड़ पर पहुंचीं, दीपक ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की और दीवार कूदकर खेतों की ओर भागा। इसी दौरान हैड कांस्टेबल बनैसिंह ने अदम्य



साहस का परिचय देते हुए उसका पीछा किया। पकड़े जाने पर दीपक ने जानलेवा हमला करने की नीयत से कट्टा तान दिया, लेकिन बनैसिंह ने जान की परवाह किए बिना उसे दबोच लिया और हथियार छीन लिया। इस दौरान आरोपी को काबू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर ही मण्डावर थाने में आरोपी के खिलाफ बिना लाइसेंस हथियार रखने और पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया गया।

### डबल मर्डर समेत कई जिलों में दर्ज हैं संगीन मुकदमे।

दीपक गुर्जर (24) पुत्र लखनसिंह, निवासी शहदपुर, थाना महवा, जिला दौसा के खिलाफ दौसा, करौली और जयपुर जिलों के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, एससी/एसटी एक्ट और सरकारी कार्य में बाधा जैसे करीब 15 संगीन मामले दर्ज हैं। करौली जिले के टोडाभीम थाना क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड में वह मुख्य आरोपी है जिसने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी थी। इसके अलावा महवा, मंडावर, जवाहर सर्किल जयपुर, महेश नगर जयपुर और मेहंदीपुर बालाजी थानों में भी उसके खिलाफ गंभीर मामले दर्ज हैं।

### टीम की सफलता से अपराधियों में खौफ, जनता में बढ़ा भरोसा।

इस ऑपरेशन में सीओ महवा मनोहरलाल मीना के नेतृत्व में एएसआई मोहनलाल, हेड कांस्टेबल देवीसिंह, कांस्टेबल बनैसिंह (विशेष भूमिका), नरेश कुमार, रविंद्रसिंह, कोमल कुमार और अजयसिंह शामिल रहे। खासतौर पर कांस्टेबल बनैसिंह की बहादुरी ने इस सफलता को संभव बनाया।

# थाना परिसर में सीएलजी की बैठक हुई आयोजित

## गांव में हो रही अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई

द डेस्प्रिंग



**रुदावल / रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल थाना परिसर में सीएलजी की बैठक थाना प्रभारी रामरूप मीना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में थाना प्रभारी ने दशहरा पर्व पर क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए पुलिस का सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी ने लोगों को साइबर क्राइम को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि अनजान फोन कॉल करके लोगों को प्रलोभन दिया जाता है ऐसे कॉल से सावधान रहें एवं किसी को भी अपनी गोपनीय जानकारी ओटीपी, पिन नंबर शेयर नहीं करें। अगर किसी भी प्रकार की ठगी हो जाती है तो इसकी ऑनलाइन सूचना दर्ज कराएं और पुलिस को सूचना दें। सीएलजी सदस्यों ने गांवों में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग करते हुए बताया कि गांवों में अवैध शराब की बिक्री होने से महिलाओं पर अत्याचार बढ रहे है। जिस पर थाना प्रभारी ने अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने का आश्वासन दिया। सदस्यों ने आए दिन बस स्टेंड पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई। इस मोके पर पूर्व सरपंच महेन्द्र सिंह, मदन मोहन भंडारी, थानसिंह, सुरेशसिंह, जगत सिंह परमार, उदयभान सिंह सिकरवार, रामकुमार परमार, चरनलाल आदि मौजूद थे।

# डॉ. मोहम्मद रोशन को स्वर्ण प्रशंसा पुरस्कार 2025 से किया गया सम्मानित

## यूनानी चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर का सम्मान

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस, राजस्थान स्टेट द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं हकीम अब्दुल हमीद उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 समारोह में देशभर के यूनानी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयपुर के वरिष्ठ यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ.मोहम्मद रोशन को स्वर्ण प्रशंसा पुरस्कार (गोल्ड एप्रिसिएशन अवार्ड) 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें डॉ. गोविंद पारीक (ओएसडी, मुख्यमंत्री कार्यालय राजस्थान सरकार), डॉ. आज़म बेग (अध्यक्ष, जेएल ग्रुप), और यूनानी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. शौकत अली अंसारी ने डॉ. रोशन को इस पुरस्कार हेतु नामित किया। सम्मान मिलने पर डॉ. रोशन ने अपने माता-पिता, गुरुजनों और सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार जताया। डॉ. मोहम्मद



रोशन ने राजपूताना यूनानी मेडिकल कॉलेज, जयपुर से शिक्षा प्राप्त कर 2013 में RPSC से यूनानी चिकित्सा अधिकारी के रूप में नियुक्ति पाई। वर्तमान में वे देवली, टोंक में वरिष्ठ यूनानी चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें पूर्व में भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है, जिनमें हकीम अजमल खां ग्लोबल अवार्ड, एपीजे अब्दुल कलाम आज़ाद राष्ट्रीय पुरस्कार, ग्लोबल गांधी पीस अवार्ड, आदि शामिल हैं।

# अपहरण कर मारपीट और लुट करने वाले वांछित दो मुलजिम को किया गिरफ्तार

## एक स्कॉर्पियो तथा एक मोटरसाइकिल को किया जब्त

द डेस्प्रिंग

**निवाई (अशोक लांगडी)।** पुलिस थाना निवाई सदर में अपहरण कर मारपीट व लूट करने वाले वांछित दो मुलजिम को गिरफ्तार किया गया। बृजेंद्र सिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के निर्देशन में मृत्युंजय मिश्रा वृताधिकारी वृत निवाई के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेन्द प्रसाद निवाई सदर के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के विरुद्ध अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अपहरण कर मारपीट व लूट करने वाले वांछित दो



मुलजिम को गिरफ्तार किया। मुलजिम धर्मपाल मीणा पुत्र रामसहाय मीणा निवासी अजबपुरा पुलिस थाना लालसोट, सीताराम मीणा पुत्र सावंत राम मीणा निवासी अमावरा पुलिस थाना बामनवास को वंचित होने से गिरफ्तार किया गया तथा प्रकरण के घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाड़ी व स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को जप्त किया तथा निवाई थाना सदर में प्रकरण दर्ज कर वांछित मुलजिमों की तलाश जारी है। उक्त प्रकरण में वांछित मुलजिमों की गिरफ्तार में विशेष भूमिका मुकेश कुमार सउनि पुलिस थाना निवाई सदर, बलवंत कांस्टेबल पुलिस थाना निवाई सदर, शंकरलाल कांस्टेबल, व पायलट कांस्टेबल की रही।

# खेडी गांव में शिव मंदिर का शिला न्याय. व भूमि पूजन हुआ

द डेस्प्रिंग



**रामगढ़ अलवर / अमित भारद्वाज ।** रामगढ़ विधान सभा के ग्राम खेड़ी में शिव मंदिर का शिलान्यास हुआ जिसमें रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने मंदिर के इस शिलान्यास के आयोजन में भाग लिया। और भूमि पूजन किया। विधायक महोदय ने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों से कहा कि इस पुण्य भूमि पर भगवान शिव का मन्दिर बनेगा जो सभी की आस्था एवं श्रद्धा का केन्द्र बनेगा और हमारी संस्कृति परम्परा और सनातन ओर सामाजिक एकता से एक दिशा प्रदान करेगा। और इस पुनित कार्य में मुझे भी शिलान्यास का मौका मिला है। इस मौके पर विधायक महोदय का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर भाजपा नेता लाखन शर्मा पूर्व सरपंच देवेंद्र दत्त संतु कांग्रेस नेता अनिल जैन एडवोकेट दिलीप चौधरी मुकेश चौधरी बाबूलाल सैनी अंकित चौधरी हरभजन सैनी पवन अग्रवाल राकेश चौधरी आदि ग्राम वासी मौजूद थे ।

# माता के दरबार में की पूजा अर्चना

द डेस्प्रिंग



**सीकर/ नरेश सैन ।** राजस्थान कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिव भगवान नागा , कांग्रेस नेता एडवोकेट सुरेश मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता रोहिताश खीचड़ व महावीर सैन दुजोद ने माता के दरबार में पूजा अर्चना की। हर वर्ष लगातार 9 दिन तक मां के दरबार में पूजा अर्चना और दर्शन का क्रम निरंतर जारी रहता है। नवरात्रों के दौरान जीणमाता, शाकंभरी माता जितने भी शक्तिपीठ है वहां पर जाकर पूजा अर्चना करते हैं।

# माधव विश्वविद्यालय में जन जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय विभाग द्वारा जनजागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम 25 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ करवाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता, ज्ञान और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। पखवाड़े के तहत शिक्षा संकाय के सह आचार्य डॉ. अखिलेश कुमार भारती एवं सहायक आचार्य डॉ. प्रमोद आमेटा द्वारा विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय में विशेष गतिविधि करवाई गई। इस गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों को अंग्रेजी अल्फाबेट्स का ज्ञान रोचक तरीकों से कराया गया। खेल-खेल में विद्यार्थियों ने न केवल अल्फाबेट्स को सही क्रम में जमाने का प्रयास



किया, बल्कि उनसे बने शब्दों को लिखकर अपनी भाषा कौशल का भी प्रदर्शन किया। यह गतिविधि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत मनोरंजक और ज्ञानवर्धक रही। बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया और अंग्रेजी भाषा की मूलभूत समझ विकसित की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि भाषा सीखने के लिए खेल आधारित गतिविधियाँ सबसे सरल और प्रभावी तरीका हैं।

**कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि** इस जन जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विविध गतिविधियाँ करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न करना, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। माधव विश्वविद्यालय का यह प्रयास विद्यार्थियों को नई दिशा देने और उन्हें सीखने की प्रक्रिया से जोड़ने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी ताकि विद्यार्थी खेल-खेल में सीखते हुए आत्मविश्वास और ज्ञान दोनों अर्जित कर सकें।

# हकीम अब्दुल हमीद जयंती पर यूनानी सम्मेलन, 151 चिकित्सक सम्मानित

## डॉ. मकबूल अहमद को मिला 'सर्वश्रेष्ठ यूनानी प्रैक्टिशनर' अवार्ड

द डेस्प्रिंग



**जयपुर।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस और सेमिनार का आयोजन जयपुर में किया गया। सम्मेलन हकीम अब्दुल हमीद जयंती के अवसर पर रखा गया, जिसमें देशभर से आए यूनानी चिकित्सकों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम के दौरान शहर के यूनानी चिकित्सक डॉ. मकबूल अहमद को 'सर्वश्रेष्ठ यूनानी प्रैक्टिशनर' सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही यूनानी चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 151 चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ. आज़म बेग, यूनानी निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक डॉ. शौकत अली, और डॉ. मनमोहन खींची सहित कई विशेषज्ञों ने यूनानी चिकित्सा पद्धति को आधुनिक समय की जरूरतों से जोड़ने पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि रिसर्च और तकनीक से जुड़कर यूनानी पद्धति और प्रभावी बन सकती है।

# जनाना अस्पताल में ठेका प्रथा का बोलबाला, कर्मचारियों का हल्ला बोल बेअसर

## गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में विरोध, लेकिन प्रशासन और ठेकेदारों की मिलीभगत पर सवाल

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** जनाना अस्पताल में सोमवार को ठेका कर्मचारियों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने एक बार फिर वही पुराना राग अलापा कि ठेका कर्मचारियों का नियमितीकरण होना चाहिए। राठौड़ ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को समय पर वेतन तक नहीं मिलता, न ईएसआई और न ही पीएफ। लेकिन हकीकत यह है कि सालों से ऐसे विरोध होते आ रहे हैं, फिर भी ठेका प्रथा खत्म होने का नाम नहीं ले रही। कर्मचारी सड़क पर




उतरते हैं, नारेबाजी करते हैं और फिर सब कुछ पहले जैसा ही चलता रहता है। उप अधीक्षक शिव सिंह बराला पर भी आरोप लगे कि वे ठेकेदारों की तरफदारी करते हैं और नित्य एंटरप्राइजेज व महात्मा गांधी नामक ठेका फर्मों को फायदा पहुंचाते हैं।? कर्मचारियों का कहना है कि उनके साथ लगातार "शोषण पर शोषण" हो रहा है, मगर प्रशासन और सरकार दोनों चुप हैं। सवाल यह है कि क्या ऐसे आधे-अधूरे प्रदर्शनों से कर्मचारियों की जिंदगी में कोई बदलाव आएगा या यह विरोध भी सिर्फ अखबारों की सुर्खियों तक सिमटकर रह जाएगा ।

# आत्मनिर्भर भारत- विकसित भारत विषय पर चैम्बर भवन में हुआ प्रबुद्ध जनसंवाद सम्मेलन

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में आत्मनिर्भर भारत - विकसित भारत विषय पर एक प्रबुद्ध जनसंवाद सम्मेलन का आयोजन राजस्थान चैंबर भवन में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य नागरिकों, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत तथा सामाजिक संगठनों के बीच संवाद स्थापित कर आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत की अवधारणा को और अधिक सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अरुण चतुर्वेदी, अध्यक्ष, राजस्थान वित्त आयोग रहे। अपने सारगर्भित संबोधन में उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की आवश्यकता, नीति निर्धारण में जनभागीदारी तथा सुशासन की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि–"जनसंवाद केवल चर्चा नहीं, बल्कि परिवर्तन की दिशा में पहला कदम है। जब समाज, सरकार



और उद्यमी एकजुट होकर विचार करते हैं, तभी आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना वास्तविक रूप लेती है।" उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा, जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी को समझ कर उसमें भागीदारी निभाए। विकसित भारत केवल आर्थिक प्रगति का नाम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समानता, शिक्षा, स्वास्थ्य और नवाचार से परिपूर्ण राष्ट्र का स्वरूप है। चैंबर के अध्यक्ष डॉ. के. एल. जैन ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' को एक दूरदर्शी, प्रभावशाली एवं ऐतिहासिक पहल करार दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल उद्योग जगत के लिए नए अवसर लेकर आया है, बल्कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का आधार भी है। डॉ. जैन ने आह्वान किया कि उद्योग जगत को इस दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाकर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को और गति प्रदान करनी चाहिए। उन्होने कहा की विकसित भारत का अर्थ है–समग्र आर्थिक प्रगति, सामाजिक समानता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ, पर्यावरणीय संतुलन। इस अवसर पर जयपुर की पूर्व महापौर श्रीमती ज्योति खंडेलवाल, राजस्थान चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री डी एस भंडारी, डॉ अरुण अग्रवाल, श्री सुधीर पालीवाल, डॉ आर एस जैमिनी, उपाध्यक्ष श्री ज्ञान प्रकाश, मानद महासचिव आनंद महरवाल, विजय गोयल, अतिरिक्त मानद सचिव श्री प्रभात गुप्ता संयुक्त सचिव श्री बादशाह मियाँ सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारीयों एवं सदस्यों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध वक्ताओं, नीति विशेषज्ञों, समाजसेवियों तथा युवा उद्यमियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। संवाद में भारत को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस सुझाव सामने आए। कार्यक्रम के अंत में राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आत्माराम गुप्ता ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम समाज में जागरूकता और सहभागिता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। यह सम्मेलन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित आयोजनों में एक महत्वपूर्ण पहल बनकर सामने आया, जिसने जनसंवाद, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता को एक साझा मंच प्रदान किया।

सादर प्रकाशनार्थ-
(दिनेश कुमार कानूनगो)
सचिव

(डॉ. अरुण अग्रवाल)
वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता

# काला शनिवार : तमिलनाडु भगदड़ हादसा भगदड़ से मौतों का जिम्मेवार कौन एक यक्ष प्रश्न?



नरेंद्र भारती

**सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियो के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरो में हर वर्ष करोडो. रूपया चढावा चढता है मगर श्रध्दालूओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियो को भी इन हादसो से सीख लेनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में इन हृदयविदारक हादसो को रोका जा सके। अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रध्दालूओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेगी और आस्था स्थल शमशानघाट बनते रहेगें।**

एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए शनिवार 27 सितम्बर को तमिलनाडु के करूर में तमिल एक्टर विजय की रैली में भगदड मचने से 39 लोगों की मौत हो गईं और 50 लोग घायल हो गए' 17 महिलओं की मौत हो गई है'मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं' मौत के आंकड़े बढ़ सकते हैं' करूर के जिस मैदान में यह हादसा हुआ है वहाँ केवल.10000 लोगों की क्षमता है लेकिन यहां लगभग 30000 से अधिक लोग मौजूद थे' भगदड़ मचने से ज्यादातर मोटे हुई हैं मौत का कारण दम घुटना ही माना जा रहा है' चारों तरफ लाशों का अंबार लग गया' पल भर में जीते जागते लोग लाशों में तब्दील हो गए यह बहुत ही भयानक मंजर था' सरकार ने मृतकों के लिए दस दस लाख मुआवजे का ऐलान कर दिया है' गत 27 जुलाई 2025 रविवार को हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में करंट फैलने की अफवाह फैलने से दर्जनों श्रद्धांलुओं की मौत हो गईं थी और 50 के लगभग घायल हो गए थे' मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर यह हादसा हुआ' मंदिर से करीब सौ मीटर पहले सीढीओं पर यह भगदड़ का खौफनाक मंजर हुआ था'यहां करीब दस हजार लोग मौजूद थे भीड़ बहुत थी' 29 जून 2025 को पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से तीन लोगों की मौत हो गईं थी और काफी लोग घायल हुए थे' 8 जनवरी 2025 को तिरुपति में भगदड़ मचने से 6 लोगों की मौत हो गईं थी और बहुत लोग घायल हो गए हैं' 2 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक सत्संग में भगदड़ मचने से 121 लोगों की दर्दनाक मौत हो गईं थी और सेकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे' मई माह में गोवा के शिरगांव में यात्रा के दौरान बिजली का तार गिरने से भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई थी और 50 लोग घायल हो गए थे' भगदड़ के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं' कुछ माह पहले दिल्ली में भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन शमशानघाट बन गया था दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से काफी लोग मारे गए थे अब गोवा में एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गईं' रेलवे स्टेशन से यह लोग महाकुम्भ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई थी' देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं 15 फरवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी' अभी कुम्भ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी की दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सेकड़ों घायल हो गए थे' रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है' ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी'कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण33 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था। कुम्भ में भगदड़ के कारण जिन्दा लोग पल भर में लाशों में बदल गए। देश में मंदिरों में मेले व अन्य पर्व अब आस्थास्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। कुम्भ में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे। लोगों का सामान चारों तरफ बिखरा पडा था। भगदड़ में सैकडों महिलाएं ,बच्चे व बुर्जुग पैरों तले कुचल दिए गए , लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे।मगर उनके अपने मौत की नीद सो चुके थे।चारों तरफ चप्पलें व जूते नजर आ रहे थे। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में लोग व बच्चे आएगें तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है मगर जो काल का गाल बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। अब प्रशासन मृतकों को लाखो रुपया मंआवजा दे रही है अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था। मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारो द्वारा जो पैसा मुआवजे के रुप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता तो आज यह नौबत न आती। आकडों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है। 3 फरवरी 1954 को कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से 800 लोगों की मौत हुई थी' 1986 में भी कुम्भ में में भगदड़ मचने से 200 लोग मारे गए थे'2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। 10फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुम्भ मेले 36 लोगों की मौत हुई थी और 39 लोग घायल हुए थे। 26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी।नवंबर 2006 में उडीसा के शंदरपुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आरती के समय भदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनो घायल हुए थे।झारखंड के देवधर के एक आश्रम में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी, 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मोत हुई थी।3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेरू के प्रसिध्द शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे। घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रध्दालूओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। नंवबर 2012 में बिहार में छठ पुजा के दौरान गंगा नदी के घाट पर बना बांस का पुल टुटने से लोगों में भगदड़ मचने से 20 श्रध्दालुओं की मौत हो गई थी। बार-बार हादसे हो रहे हैं मगर सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है।प्रशासन तब जागता है जब लाशों के ढेर लग जाते हैं। प्रशासन को इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन की बदइंतजामी की पोल खोल दी हैं। इस हादसे में कई अनाथ हो गए तो माताएं व बहनों का सुहाग उजड गया।ऐसे हादसे ताउम्र रोते हुए छोड़ जातें है। छोटे बच्चे दर-दर की ठोकरें खातें हैं। केन्द्र सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियो के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरो में हर वर्ष करोडो. रूपया चढावा चढता है मगर श्रध्दालूओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियो को भी इन हादसो से सीख लेनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में इन हृदयविदारक हादसो को रोका जा सके। अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रध्दालूओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेगी और आस्था स्थल शमशानघाट बनते रहेगें। वक़्त अभी संभलने का है'



## संपादकीय

### योगी का सख्त संदेश

उत्तर प्रदेश के बरेली में जुमे पर आई लव मोहम्मद को लेकर हुए बवाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी तक दंगा करना भूल जाएगी। एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में सरकार के सख्त संदेश के बाद योगी ने कहा कि मौलाना भूल गया कि शासन किसका है, मैंने बोला जाम नहीं होगा, न ही क र्यू लगेगा। यह चेतावनी इत्तेहाद-ए-मिल्लद काउंसिल के प्रमुख मौलवी तौकीर रजा खान के लिए बताई जा रही है जिन्होंने आई लव मोहम्मद अभियान के नाम पर विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था। रजा को पुलिस ने गिर तार किया और चौदह दिन के लिए जेल भेज दिया गया। उनतालिस अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि बाराबंकी में शुक्रवार को देर रात आई लव मोहम्मद का पोस्टर फाड़ने के बाद हंगामा हो गया था। दरअसल, बारावफात के जुलूस के दौरान कानपुर के कुछ मुस्लिम इलाकों में आई लव मोहम्मद वाले पोस्टर/बैनर रास्ते में लगाने से हिन्दूवादी संगठनों ने आपत्ति की थी। कुछ लोगों के खिलाफ शिकयत दर्ज होने और पंद्रह अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज होने पर मामले ने तूल पकड़ लिया। देश के अन्य इलाकों में भी लोग आई लव मोहम्मद की तख्तियां लेकर सड़कों पर उतर आए। विरोधस्वरूप कुछ हिन्दुत्ववादियों ने आई लव महादेव/महाकाल जैसे बैनर लगाने चालू कर दिए। संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि रजा पंद्रह साल पहले हुए दंगों की तर्ज पर शहर को सुलगाने की साजिश कर रहा था। भड़काऊ बयानों द्वारा भीड़ को इक ा करने और पत्थरबाजी कराने, चाकू-डंडे आदि से दहशत फैलाने के सबूत पाए गए हैं। मौके से अवैध हथियारों का मिलना इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि जानबूझकर शहर को दंगों में झोंकने की साजिश की जा रही थी। चूंकि नमाज के वक्त स्थानीय पुलिस इलाके में मुस्तैद थी, इसलिए उसने फौरन उपद्रवियों को काबू में कर लिया। बता रहे हैं कि फसाद करने वालों को इंटरनेट के माध्यम से निर्देशित किया जा रहा था। उपद्रवियों ने पुलिस वालों पर भी हमला किया और उनके उपकरण छीनने के प्रयास किए। निःसंदेह राज्य के मुखिया द्वारा दी गई यह धमकी कतई उचित नहीं कही जा सकती। मगर यदि वास्तव में शहर में उपद्रव फैलाना किसी का मकसद था तो उसे खुला भी नहीं छोड़ा जा सकता। यह बात धर्म विशेष तक नहीं सीमित रहनी चाहिए, बल्कि पूर्वाग्रहों के बगैर किसी भी उपद्रवी, साजिशकर्ता और दहशतगर्द के साथ मुलायमियत से पेश आने की जरूरत नहीं है।

## चिंतन-मनन

### दिव्यता की विविधता

ईश्वर ने दुनिया की छोटी-छोटी खुशियां तो तुम्हें दे दी हैं, लेकिन सच्चा आनन्द अपने पास रख लिया है। उस परम आनन्द को पाने के लिए तुम्हें उनके ही पास जाना होगा। ईश्वर को पाने की चेष्टा में निष्कपट रहो। एक बार परम आनन्द मिल जाने पर सब-कुछ आनन्दमय है। परमानन्द के बिना संसार की खुशियां अस्थाई हैं। तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है परंतु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो? जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नहीं होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। ईश्वर अनेक क्यों नहीं हो सकते? यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी ही छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है? अफ्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो? मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप, बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए?

जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता प्रेमी है, वह नीरस कैसे हो सकती है? ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्यपूर्ण होंगे। ईश्वर अनेक नाम, रूप और प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं। कुछ विचार-धारा के व्यक्ति ईश्वर को उनके विभिन्न रूपों में प्रकट होने की स्वतंत्रता नहीं देते। वे उन्हें एक ही रूप में चाहते हैं। अवसर के अनुसार जब तुम अपना रूप बदलते हो तो फिर कैसे सोच सकते हो कि चेतना में कोई विविधता न हो? हमारे पूर्वज इस बात को समझते थे इसीलिए, उन्होंने दिव्यता के अनन्त गुणों व रूपों का ज्ञान कराया। चेतना नीरस और उबाऊ नहीं है। जो चेतना इस सृष्टि का आधार है, वह गतिमान और परिवर्तनशील है। ईश्वर एक ही नहीं, अनेक हैं। जब तुम दिव्यता की विविधता को स्वीकार करते हो, तब क र और रूढ़िवादी नहीं रह जाते।


## तुर्किए और भारत के राजनयिक रिश्ते सूत के कच्चे धागे के समान



कांतिलाल मांडोत

भारत के बजाय तुर्की का झुकाव पाकिस्तान की और रहा है। अंतराष्ट्रीय राजनीति में चीन औ? तुर्की ही पाकिस्तान के सदाबहार समर्थक रहे है।तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा( यूएनजीए) 80 वे सत्र में एक बार फिर जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया।भारत -पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिये कश्मीर मुद्दे को हल करने की वकालत की।हमारे विश्लेषकों को तुर्की के राजनैतिक इतिहास पर बारीकी से नजर डालनी चाहिए।क्योंकि एर्दोआन भारत की यात्रा पर आए थे।उस समय पाकिस्तान की सिफारिश करना नही भूले थे।भारत की उनकी टोही यात्रा के बाद भी एर्दो ने 2019 से अब तक 6 बार पाकिस्तान का जिक्र कर चुके है।तुर्की के पर्ि मी देशों से सम्बंध बिगड़े है,तब से वे नए सहयोगियों की तलाश में है।एर्दो ने रूस ,चीन और भारत से सम्बंध सुधारने की कोशिश शुरू की थी।लेकिन भारत और तुर्की के बीच संबंधों की बाधा पाकिस्तान है।तुर्की ने न केवल कश्मीर के मामले मेंबल्कि अंतराष्ट्रीय राजनीति में भी सदा ही पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया है।कश्मीर में जनमत संग्रह की वकालत करने वाले एर्दो बाहरी मध्ययस्था के जरिये कश्मीर समस्या सुलझाने की बात करते है।उन्होंने भारत को सुरक्षा परिषद और नाभिकीय आपूर्ति समूह का सदस्य बनाये जाने की वकालत भी की है।लेकिन दोनो हाथ मे लड्डू रखने वाले एर्दो पाकिस्तान को भी उसी श्रेणी में रखना चाहते है,जिसके लिए वे सिफारिश करते है।तुर्की पाकिस्तान को जिस तरह का समर्थन देता रहा है,उसे देखते हुए वह भारत से अधिक अनुकूल रुख की आशा नही कर सकता है।भारत ने भी तुर्की की भारत यात्रा के दौरान यह जताया कि भारत कश्मीर नीति का कूटनीतिक बदला ले सकता है।तुर्की भारत के साथ द्विपक्षीय सम्बंध रखते हुए भी पाकिस्तान का जिक्र करना नही छोड़ता है।तुर्की कश्मीर की बात करता है,लेकिन आर्मेनिया और साइप्रस दो दुःखती रग है।क्योंकि उसने पहले महायुद्ध में और उसके बाद उसने 15 लाख आर्मीनियाईयो को मरवा दिया था।आर्मेनिया उससे इस नरसंहार पर प ाताप जताने और क्षमा मांगने की मांग करता रहा है।इसे दोनो देशो के बीच तनातनी रही है।भारत ने उपराष्ट्रपति पति हामिद अंसारी को आर्मेनिया की यात्रा पर भेजकर तुर्की को जता दिया कि वह भी कूटनीति कर सकता है।बार बार कश्मीर की मध्ययस्था कर सुर्खियों में रहने वाला तुर्की ने साइप्रस के एक भाग पर कब्जा कर रखा है।उसे लेकर तुर्की और साइप्रस में तनातनी रहती है।भारत ने एर्दो आन की भारत यात्रा से पहले साइप्रस के रास्ट्रपति को आमंत्रित करके तुर्की को एक और संकेत दे दिया कि वह भारत को हल्के में न ले।फिर भी तुर्की अपनी आदत से मजबूर है।एर्दो आन 2003 में तुर्की के प्रधानमंत्री बने थे।2011 में पहली बार उनकी पार्टी बहुमत से चुकी थी।राष्ट्रपति प्रणाली में बदलने की बात उठी और 2014 में संविधान में परिवर्तन कर दिया।तब से एर्दो आन अब तक रास्ट्रपति के पद पर है।तुर्की का तख्तापलट की कोशिश नाकाम रही।पाकिस्तान और तुर्की का व्यापार कई गुना है।जब एर्दो ने भारत की यात्रा की थी,उस समय आतंकवाद का विरोध अवश्य किया,पर उनका जोर नक्सली हिंसा पर था,पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद का उन्होंने उल्लेख तक नही किया।तुर्की की दक्षिण एशिया में दिलचस्पी का कारण खिलाफत आंदोलन था।खिलाफत आंदोलन भारत के मुसलमानों का आंदोलन था,लेकिन उसका नेतृत्व महात्मा गांधी कर रहे थे।बाद में आधुनिक तुर्की के राष्ट्रपिता माने जाने वाले मुस्तफा कमाल पाशा ने स्वयं खिलाफत समाप्त करने की पहल की।उन्होंने यह अहसास करवाया कि कठिन समय में तुर्की का साथ दिया।तुर्की को भी पर्ि मी एशियाई राजनैतिक परिस्थितियो में पाकिस्तान से निकटता अधिक लाभदायी दिखाई दी।तुर्की में विनाशकारी भूकंप आया था।उस समय भारत ने मानवता के आधार पर मदद भेजी गई।इस ऑपरेशन के तहत एनडीआरएफ की दो टीमें तुर्कीए भेजी गई।जिसमे एक डॉग स्क्वॉड भी शामिल था।भारत की रेस्क्यू टीमो ने मलवे में दबे लोगो को खोजने में मदद की गई।भूकंप से हिले तुर्किए ने भारत को दोस्त कहकर नजदीकी बढाई और इस हमदर्दी का अहसास करवाया।2023 में विनाशकारी भूकंप में 55,हजार लोगो की जान चली गई थी।तब मोदी ने कहा था कि भारत के 140 करोड़ लोग तुर्किए के इस दुःख में साथ में है।तुर्किए को तत्काल मानवतावादी अभिगम अपना कर मदद भेजी।परन्तु तुर्किए ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया।तब देश के 140 करोड़ लोगो को दुःख पहुंचा।पहलगाम की घटना पर भी तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दो ने हमले की निंदा की और पाकिस्तान का नाम आते ही एर्दो के सुर बदल गए।तुर्किए में बने ड्रोन्स भारत पर हमले करने में पाकिस्तान इस्तेमाल करता है।तुर्किए भारत के साथ और पाकिस्तान के साथ सम्बंध रख तो रहा है,लेकिन पाकिस्तान के साथ हमदर्दी कम नही है।भारत और तुर्किए के बीच 1948 मे राजनीतिक रिश्तों की शुरूआत हुई थी।क्योकि तुर्किए मुस्लिम देश होते हुए एक धर्मनिरपेक्ष देश बनकर उभर रहा था।लेकिन अब पहले वाले हालात कम दिखाई दे रहे है।लेकिन अब ऐशियाई शीतयुद्ध के दौरान तुर्किए ने नाटो देशो की सदस्यता ले ली है। साइप्रस पर हमला करने की वजह से भारत और तुर्किए के बीच खटास बढ़ गई।भारत और तुर्किए के बीच आ रहा कश्मीर प्रेम किसी हालत में तुर्किए भारत का समर्थन नही करेगा,क्योकि तुर्किए और पाकिस्तान का भाईचारे से दुनिया अनभिज्ञ नही है। भारत को सचेत रहने की आवश्यकता है।

## भाषाओं के सेतु, संस्कृतियों का संगम और वैश्विक संवाद का आधार



किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता के विकास में भाषा की भूमिका हमेशा ही केंद्रीय रही है। भाषा वह माध्यम है जो विचारों, भावनाओं, ज्ञान और अनुभवों को पीढ़ी दर पीढ़ी तथा राष्ट्र से राष्ट्र तक पहुँचाती है। किंतु विश्व की 7,000 से अधिक भाषाओं के बीच संचार स्थापित करना स्वाभाविक रूप से कठिन है। यहीं पर अनुवादक (ट्रांसलेटर्स), दुभाषिए (इंटरपरेटर्स) और भाषा विशेषज्ञ दुनियाँ को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। वे भाषाई दीवारों को तोड़कर आपसी समझ, संवाद और सहयोग की नींव रखते हैं। इन्हीं भाषा पेशेवरों के योगदान को सम्मान देने हेतु प्रतिवर्ष 30 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवसह्न (इंटरनेशनल ट्रांसलेशन डे) मनाया जाता है। वर्ष 2025 में इसकी थीम है- अनुवाद, एक ऐसे भविष्य को आकार देना जिस पर आप भरोसा कर सकेंह्न (ट्रांसलेशनः शेपिंग द यूचर यू कैन ट्रस्ट) मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि भाषाओं की जंजीरों को तोड़ने में अनुवादकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। वैश्विक मंचों पर नेताओं की बात को यदि उनकी ही भाषा में समझा पाना संभव न होता,तो अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति कभी सफल नहीं हो पाती। उदाहरणस्वरूप, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू या ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर किसी वैश्विक शिखर सम्मेलन में बोलते हैं, तो उनकी बातों को विभिन्न भाषाओं में तुरंत अनुवादितकिया जाता है। यही अनुवादक सुनि त करते हैं कि विश्व के हर प्रतिनिधि तक संदेश सही और सटीक रूप से पहुँचे। इस प्रकार अनुवादक सिर्फ शब्दों का नहीं,बल्कि संस्कृतियों, दृष्टिकोणों और विचारों का आदान-प्रदान संभव बनाते हैं।वर्ष 2025 की थीम अनुवाद, एक ऐसे भविष्य को आकार देना जिस पर आप भरोसा कर सकेंह्न यह संदेश देती है कि आने वाले समय में विश्व व्यवस्था,शिक्षा,विज्ञान,कूटनीति और सांस्कृतिक संवाद सब अनुवादकों के माध्यम से ही संभव होंगे। इस भविष्य पर भरोसा तभी किया जा सकता है जब भाषा पेशेवर अपनी निष्ठा, सटीकता और मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करें।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस 2025 भाषाओं के सेतु संस्कृतियों का संगम और वैश्विक संवाद का आधार।

साथियों बात अगर हम अनुवादः संस्कृतियों को जोड़ने वाला सेतु को समझने की करें तो,अनुवाद केवल शब्दों का परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह संस्कृतियों,परंपराओं और मान्यताओं को जोड़ने की प्रक्रिया है। जब जापान की कोई साहित्यिक कृति हिंदी में पढ़ी जाती है, या भारत का कोई उपन्यास स्पेनिश में पहुँचता है, तो यह सिर्फ भाषाई रूपांतरण नहीं बल्कि सांस्कृतिक आदान- प्रदान भी होता है।यही कारणहै कि अनुवादक सटीक संस्कृति-दूतह्न (कल्चरल अम्बास्साडोर्स) भी माने जाते हैं। भारत और अनुवाद की परंपरा,-भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है जहाँ 22 अनुसूचित भाषाएँ और सैकड़ों बोलियाँ प्रचलित हैं।भारतीय सभ्यता में अनुवाद की परंपरा प्राचीन काल से रही है-चाहे वह संस्कृत ग्रंथों का फारसी और अरबी में अनुवाद हो या फिर उपनिषदों का लैटिन में अनुवाद।आधुनिक भारत में संविधान भी 22 भाषाओं में उपलब्ध है, जो अनुवादकों की भूमिका की महत्ता को और सटीकता से स्पष्ट करता है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक कूटनीति और अनुवाद का संगम तथा संयुक्त राष्ट्र और 2025 की प्रासंगिकता को समझने की करें तो संयुक्त राष्ट्र ,यूरोपीय संघ, जी20, ब्रिक्स या अन्य किसी अंतरराष्ट्रीय संगठन की बैठकों में अनुवादकों की भूमिका आधारशिला की तरह होती है। वे न केवल भाषाई संदेशों का आदान-प्रदान करते हैं, बल्कि शांति, विश्वास और सहयोग की प्रक्रिया को भी जीवित रखते हैं। संयुक्त राष्ट्र की छह आधिकारिक भाषाएँ-अरबी, अंग्रेजी, चीनी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश,साथ ही अनेक क्षेत्रीय भाषाओं का भी उपयोग किया जाता है। ऐसे में यदि पेशेवर अनुवादक न हों तो संवाद और निर्णय-प्रक्रिया ठहर सी जाएगी।संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को शांति और विश्वास का वर्षह्न घोषित किया है। इस घोषणा का सीधा संबंध अनुवादकों की भूमिका से है, क्योंकि संवाद और कूटनीति के माध्यम से ही संघर्षों को कम किया जा सकता है।भाषा पेशेवर यह सुनि त करते हैं कि कोई भी राष्ट्र या संस्कृति गलतफहमी का शिकार न हो, और हर संवाद पारदर्शिता और स्पष्टता से संपन्न हो।आज की दुनिया में बहु भाषावाद शिक्षा,अनुसंधान, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक समावेशन की कुंजी बन चुका है। अनुवादक इस बहुभाषिक दुनिया में सबको जोड़ने का कार्य करते हैं। यूनेस्को और यूएन लगातार इस बात पर बल देते रहे हैं कि बहुभाषावाद न केवल सांस्कृतिक विविधता को बचाता है,बल्कि ज्ञान समाज के निर्माण में भी बहुत हद तक सहायक है।

साथियों बात अगर हम प्रौद्योगिकी और अनुवाद का भविष्य तथा अनुवाद और विश्व शांति को समझने की करें तो,कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन ट्रांसलेशन और स्वचालित अनुवाद उपकरणों ने अनुवाद की दुनियाँ में क्रांति ला दी है। गूगल ट्रांसलेट, डीपल जैसे उपकरणों ने आम लोगों के लिए भाषा अवरोध को कम किया है। फिर भी, मशीन कभी भी मानवीय संवेदना, सांस्कृतिक संदर्भ और भावनात्मक सूक्ष्मताओं को पूरी तरह नहीं समझ सकती। यही कारण है कि 2025 की थीम अनुवाद, एक ऐसे भविष्य को आकार देना जिस पर आप भरोसा कर सकेंह्न मानवीय अनुवादकों की अपरिहार्यता को रेखांकित करती है।दुनियाँ में अधिकांश युद्ध और संघर्ष गलतफहमियों और संवादहीनता से उत्पन्न होते हैं। जब शब्दों का सही अनुवाद न हो तो गलत संदेश फैल सकता है। अनुवादक इन गलतफहमियों को रोककर राष्ट्रों को आपसी विश्वास और शांति की ओर ले जाते हैं। इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो अनुवादक केवल भाषा विशेषज्ञ ही नहीं, बल्कि विश्व शांति के निमार्ता भी हैं। साथियों बात अगर हम अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस के इतिहास को समझने की करें तो,30 सितंबर को अनुवाद दिवस मनाने की परंपरा सेंट जेरोम के सम्मान में शुरू हुई थी, जिन्हें बाइबिल का लैटिन भाषा में अनुवादक माना जाता है। लेकिन इसे आधिकारिक मान्यता 2017 में मिली, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ए/आरईएस/71/ 288 प्रस्ताव पारित कर 30 सितंबर को आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवसह्न घोषित किया। यह प्रस्ताव सभी पेशेवर अनुवादकों, दुभाषियों और शब्दावलीविदों की मेहनत को वैश्विक स्तर पर मान्यता देने की दिशा में ऐतिहासिक मील का पत्थर था।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस केवल अनुवादकों को सम्मानित करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि यदि भाषाओं के बीच सेतु न बने होते, तो मानव सभ्यता कभी भी वैश्विक नहीं बन पाती।अनुवादकों ने न केवल विचारों का आदान-प्रदान संभव बनाया है, बल्कि उन्होंने शांति, सहयोग और विकास की राह भी प्रशस्त की है। 2025 में जब विश्व शांति और विश्वासह्न का वर्ष मना रहा है, तो यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम उन अनुवादकों को सम्मान दें, जो हर दिन अपनी निष्ठा और परिश्रम से दुनिया को जोड़ने का कार्य करते हैं।

(-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र )

# माधव विश्व विद्यालय के प्रतियोगिता में विजयी रहे छात्र छात्राओं को जिला न्यायाधीश ने किया सम्मानित

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिरोही की ओर से दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास, उत्साह और खेलों के प्रति रुचि जागृत करना रहा। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों से आए दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का






शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर माधव विश्वविद्यालय, आबूरोड के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में विजेता स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को जिला न्यायाधीश रूपा गुप्ता ने मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके आत्मबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। माधव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने इस अवसर पर बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है और दिव्यांग छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत और हौसले से किसी भी क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी को भविष्य में भी विभिन्न खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन फौजदार ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी जाता है।

## चित्रकला प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने उत्साह से बनाई पेंटिंग

### युवा कलाकारों ने 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' थीम पर कैनवास पर उकेरा भारत का सपना

द डेस्प्रिंग



**जयपुर ।** जवाहर कला केंद्र में चित्रकला प्रतियोगिता - विकसित भारत का आयोजन हुआ। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा के तहत सोमवार को जवाहर कला केंद्र में चित्रकला प्रतियोगिता - विकसित भारत का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में हुई इस प्रतियोगिता में जयपुर एवं आसपास के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, स्कूलों और कॉलेजों से करीब 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' थीम को अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति से कैनवास पर उकेरा।

## 400 महिलाए व बच्चों के साथ धौलपुर बना गुजरात

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर (दीपू वर्मा)** रेड हॉट डांस क्रू धौलपुर , ब्लू आर्किड वेडिंग और इवेंट के गरबा डांडिया सीज़न 3 के प्रोग्राम का हुआ समापन, कार्यक्रम मैं उपस्थित सभी अतिथियों व महिलायो बच्चों के साथ 300 दीपक के साथ की माँ की भव्य आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुवात की , साथ मैं अतिथियों की श्रंखला रोटेरियन विमल भार्गव गौरव गर्ग , सरोज गर्ग जी, एडवोकेट मीनल भार्गव जी, इनर व्हील क्लब धौलपुर से श्रीमती इन्द्रा जिंदल जी , श्रीमती रेनू भार्गव जी व उनके सदस्य, सपना गर्ग जी , एडिटर संदीप शर्मा जी , अग्रोहा प्रिंट से संजय अग्रवाल जी , मंजरी फाउंडेशन से अंशु शर्मा जी माँ भगवती बेकर्स से सारिका सिंघल शिवम् सिंघल, रॉयल इवेंट से धीरज शर्मा , पार्थवी मेकओवर से गीता शर्मा जी , मून स्टूडियो से अमरीश शर्मा जी , यशी फैशन वियर मुरैना से दीपक जी , क्लासिक टच से रितु जी , मोरेना रोटरी क्लब से आनंद गुप्ता जी आकाश चांडिल जी, फ्लाइंग डच मेन बेकरी से ऋषब राजावत साथ रहे



। आये हुए सभी अतिथियों ने एक एक करके उद्बोधन देते हुए कहा नवरात्रि के इस पावन अवसर पर माँ का दरवार लगा कर सभी महिलाए अपने व्यस्त जीवन से अलग होकर आज यहाँ सभी आए हैं मानो ऐसा लग रहा है की आज यह धौलपुर गुजरात बन गया , नवरात्रि के यह प्रोग्राम सभी महिलोयों और बच्चों को शशक्त बनने की प्रेरणा देता है जिस प्रकार माँ ने महिसासुर का बध किया था वैसे ही आप भी शशक्त बनके समाज मैं आगे बाद सकते है । इसके लिए ऑर्गनाइज़र मनीष कश्यप व सोनू शर्मा को धन्यबाद दिया । कार्यक्रम की सुरुवात प्रथम पूज्य श्री गणेश के नृत्य के साथ हुई उसके पश्चात लाइव गरबा डांडिया नॉन स्टॉप दो से तीन घटे तक चला । महिलायो ने ऐगिरी नंदिनी पर एक शानदार प्रस्तुति दी जिसमे माता का आगमन दीपक फूलो के साथ किया । इसके पश्चात लड़कियों की कैटिगरी टॉप 10 लड़कियों को लकी ड्रा के माध्यम से उनको यशी फैशन वियर की तरफ से 10 टॉप गिफ्ट किए गए । सभी स्पॉन्सर व अतिथियों के द्वारा विनर हुए अलग अलग कैटेगरी मैं जीते हुए पार्टिसिपेट को समानित किया गया । रेड हॉट क्रू के फाउंडर मनीष कश्यप व ब्लू आर्किड वेडिंग व इवेंट के फाउंडर सोनू शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों व सभी स्पॉन्सर जिनको अपना सहयोग दिया उनका आभार व्यक्त किया । साथ ही धीरज शर्मा रॉयल इवेंट , राम शर्मा बजरंग दल , आकाश और पंकज राजोरिया ने प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाई । मनीष कश्यप, सोनू शर्मा ने बताया हम आने वाले समय में इस प्रकार के विभिन कार्यक्रमों को कराते है और आने वाले समय मैं कराते रहेगे ।

## माता-पिता को समर्पित विमला ज्ञान साहित्य मंच पर नवरात्रि विशेष काव्य गोष्ठी संपन्न

द डेस्प्रिंग

**संजय कुमार ।** गोंडा -माता-पिता/सास-ससुर की स्मृतियों को जीवंत रखने के उद्देश्य से अंजू श्रीवास्तव/सुधीर श्रीवास्तव द्वारा स्थापित 'विमला ज्ञान साहित्य मंच' की तृतीय आभासी काव्य गोष्ठी का 'नवरात्रि' विषयक आयोजन 28 सितंबर '2025 को किया गया। गोष्ठी अपराह्न 03 बजे से शाम लगभग 06 बजे तक निरंतर गतिमान रहकर भव्यता के साथ संपन्न हुई। क ाव्यगोष्ठी का शुभारंभ कवयित्री कंचन योगेन्द्र अग्रवाल की वाणी वंदना से हुआ। तत्पश्चात मंच संरक्षक डा. सुधीर श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में मंच के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि




विमला ज्ञान साहित्य मंच संस्थापिका अंजू श्रीवास्तव ने अपने माता-पिता तुल्य सास ससुर की स्मृतियों को सहेजने के उद्देश्य से किया किया। मार्गदर्शक डा. ओम ऋषि भारद्वाज ने अपने संबोधन में आयोजन में शामिल सभी सम्मानित मनीषियों का स्वागत उद्बोधन दिया। संयोजिका डा. निधी बोथरा जैन ने आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि मंच आभासी काव्य गोष्ठी के अलावा विशिष्ट विभूतियों पर लेखन और साझा संकलन के प्रकाशन की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। तत्पश्चात् काव्य पाठ का सिलसिला शुरू हुआ। लगभग 30 कवियों /कवयित्रियों ने नवरात्रि विषयक अपनी मनमोहक, उल्लासपूर्ण प्रस्तुतियों से काव्य गोष्ठी को ऊंचाइयों तक पहुंचाया।डा. निधी बोथरा जैन, डा. ओम ऋषि भारद्वाज ए

वं यमराज मित्र सुधीर श्रीवास्तव ने कुशल मंच संचालन के द्वारा काव्यगोष्ठी को सफलता प्रदान की। जन को सफल बनाने में विभिन्न मंचों के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कवियों, कवयित्रियों का सराहनीय योगदान रहा। सभी पदाधिकारियों और शुभचिंतकों की सक्रिय, गरिमामय उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाने में सफलता प्राप्त हुई। और अंत में संस्थापिका अंजू श्रीवास्तव की ओर से डा. निधी बोधरा जैन एवं शिक्षिका/कवयित्रि मनोरमा मिश्रा 'मनु' ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पदाधिकारियों, अतिथियों, साहित्यकारों का आभार ज्ञापित किया, जबकि रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच के संस्थापक/वरिष्ठ कवि डा. शिवनाथ सिंह 'शिव' ने आशीर्वचन प्रदान किया।गोष्ठी के विराम की घोषणा वरिष्ठ कवि डा. ओम ऋषि भारद्वाज ने की।

## रानी नगर पालिका परिसर में शहरी सेवा शिविर में आमजन की , समस्याओं का हुआ निस्तारण

द डेस्प्रिंग

**रानी / नगराज वैष्णव** नगर पालिका परिसर, रानी में चल रहे शहरी सेवा शिविर 2025 के तहत आज वार्ड सं 09 व 10 का शिविर पालिका मे आयोजित हुआ जिस मे बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लेकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर मे नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी, नेता प्रतिपक्ष इलियास मोहम्मद, कपूराराम प्रजापत, मिठालाल बंजारा, व मोहम्मद अकरम पार्षदगणो के मार्गदर्शन में किया गया। साथ ही आम नागरिक उपस्थित रहे। आज के शिविर में 69z पट्टा वितरण




हेतु 2 फाइल का निस्तारण कर पट्टा जारी किया गया। 90z कृषि भूमि परिवर्तन के 1 फाइलों का निस्तारण किया गया। भवन निर्माण के 3 आवेदन प्राप्त हुए, नामान्तरण के 3 आवेदन प्राप्त हुए तथा 2 आवेदन का निस्तारण हुआ और , जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदनों का हाथों-हाथ निस्तारण/जारी किए गए तथा वृद्धा पेंशन के आवेदन स्वीकृत किए गए स्ट्रीट लाइट मरम्मत के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निस्तारण तुरंत प्रभाव से किया गया इसके साथ ही सफाई व्यवस्था में नालियों की सफाई, पीएम आवास योजना व अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्य भी संपन्न किए गए। साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रानी खुर्द में स्वच्छता ही सेवा शिविर के तहत रंगोली कार्यक्रम आयोजित की गई इस अवसर पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश हेतु आकर्षक रंगोलिया बनाई वह पर्यावरण संरक्षण के स्वच्छ भारत अभियान का महत्व दर्शाया गया नगर पालिका प्रशासन ने आम नागरिक से अपील है की आगामी शिविर दिनांक 03.10.2025 को वार्ड स 11 व 12 का आयोजन होगा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाएँ और सरकारी योजनाओं व सेवाओं से सीधे लाभान्वित हों। साथ प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे समय पर पहुँचकर अपने लंबित कार्य निपटाएँ। शिविर की सफलता में योगदान हेतु शिविर नोडल प्रभारी कृष्ण मुरारी शर्मा कनिष्ठ अभियंता व पालिका कार्मिक गोपाल वरिष्ठ सहायक, किशन लाल कनिष्ठ सहायक, जितेंद्र कुमार कनिष्ठ सहायक, बाबूलाल कुमावत नाकागार्ड, रतनलाल नाकागार्ड, धीरेंद्र सिंह, रमेश सेन, सुनील खीचड़, कांतिलाल, निजामुद्दीन, फिरोज खान मोनूकांत, मुकेश दत्ता, जगन्नाथ तथा आगंनवाडी कार्यकर्ता व विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे और शिविर की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में सहयोग किया।

## 'भय बिनु होइ न प्रीति' आज भी प्रासंगिक - रौनक कुमार

### नृसिंह बस्ती ने मनाया आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में उत्सव

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

जब विनम्रता से बात नहीं बनी, तो भगवान राम ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया और कहा कि बिना भय के प्रीति नहीं हो सकती। आज भी प्रासंगिक है। उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रौनक कुमार ने आरएसएस की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्थानीय महाराणा स्कूल में नृसिंह बस्ती द्वारा मनाए गए विजयादशमी उत्सव के दौरान व्यक्त किए। मुख्य वक्ता के रूप में संघ के स्वयंसेवकों, माता-बहिनों और गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने संघ के सौ वर्षों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1925 की विजया दशमी में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के आज 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। संघ के स्वयंसेवकों का एकमात्र लक्ष्य भारत माता को पुनः विश्व गुरु के सिंहासन पर आरूढ़ करना है। उन्होंने कहा कि अपनी 100 वर्षों की यात्रा में नागपुर के छोटे-छोटे बच्चों से प्रारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज दुनिया का सबसे बड़ा



संगठन है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ का लक्ष्य हर घर को संघ कार्य युक्त करना है। संघ के आनुषंगिक संगठनों द्वारा देशभर में सेवा के हजारों प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को पुनः सशक्त बनाना ही संघ का उद्देश्य है, इसके लिए आसुरी शक्तियों से विजय पाने के लिए समाज का संगठित होना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक रस्तोगी ने कहा कि आज मुझे गौरांवित महसूस हो रहा है कि आप लोगों के बीच संघ के शताब्दी वर्ष में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसके लिए मैं संघ के सभी स्वयंसेवकों को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों ने प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर शस्त्र पूजन किया और अंत में स्वयंसेवकों द्वारा भारत माता की प्रार्थना कर कार्यक्रम का समापन किया।

## छत पर सब्जियां उगाने के लिए पैसा देगी सरकार

### 70 प्रतिशत तक मिलेगी सब्सिडी, जानें- कब से होंगे आवेदन, क्या होगी प्रक्रिया

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** घरों की छतों पर सब्जियां उगाने के लिए सरकार पैसे देगी। सरकार की ओर से 70 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। 1 से 31 अक्टूबर 2025 तक आवेदन होंगे। आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन रहेगी। अंतरराष्ट्रीय उद्यानिकी नवाचार एवं प्रशिक्षण संस्थान (ISITC) ने सोमवार को इस परियोजना का शुभारंभ किया है। परियोजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। परियोजना में जयपुर नगर निगम क्षेत्र के निजी आवासीय भवनों के मालिक ही आवेदन कर सकते हैं। वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, संस्थान या अन्य गैर-आवासीय भवन इस परियोजना के लिए पात्र नहीं होंगे। रूफ टॉप यूनिट के निर्माण की कुल अनुमानित लागत 53,619 रुपए है। इसमें से 70' (37,534 रुपए) की राशि सरकार की ओर से अनुदान के रूप में वहन की जाएगी। शेष 30' (16,085 रुपए) राशि लाभार्थी को स्वयं लगानी होगी। इस परियोजना का लाभ लेने के लिए 200 स्क्वायर फीट की छत होना अनिवार्य है।

## प्रसूता की मौत पर बवाल: पिता ने एसएसपी को भेजा पत्र

### सरकारी अस्पताल की डॉक्टर व निजी अस्पताल प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज** सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही और निजी अस्पतालों की मनमानी पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सितारगंज के ग्राम पिंडारी निवासी बख्शीश सिंह ने अपनी 23 वर्षीय पुत्री काजल की इलाज के दौरान मौत का ठीकरा सरकारी अस्पताल की महिला चिकित्साधिकारी और निजी अस्पताल प्रबंधन पर फोड़ते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा को पत्र भेजकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि 21 जुलाई को प्रसव पीड़ा होने पर काजल कौर को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार घंटे तक रखने के बाद सुविधाएं न होने का बहाना बनाकर उसे निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैरानी की बात यह रही कि रेफर करने वाली महिला चिकित्साधिकारी नेहा सिद्दीकी ने ही अगले दिन 22 जुलाई को निजी अस्पताल में ऑपरेशन किया और परिजनों को 26 हजार रुपये का खर्च बताया। परिवार ने 10 हजार रुपये नगद जमा किए और सात हजार रुपये की जांचों में खर्च किए। इसके बाद भी हालात बिगड़ते गए और नवजात को दूसरे निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा, जबकि काजल को पहले हल्द्वानी और फिर देहरादून ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि निजी अस्पताल आस्था में लगातार गुमराह किया गया और कमीशनखोरी की भेंट चढ़कर उनकी पुत्री की मौत हो गई। अब नवजात शिशु के पालन-पोषण की चिंता ने परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। बख्शीश सिंह ने एसएसपी से सरकारी अस्पताल सितारगंज की चिकित्साधिकारी, निजी अस्पताल प्रबंधक व ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं और निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में आक्रोश फैल गया है।

## ग्रामीण सेवा शिविर में शैलेन्द्र, बनवारी तथा गजराजसिंह के वर्षो पुराने नाम शुद्धिकरण की समस्या का हुआ निस्तारण

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविर जिले के लोगों के लिए बढ़ी राहत का साधन बन रहे है। इन शिविरों में ना केवल वर्षो से अटकी समस्याओं का निस्तारण किया है, बल्कि ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सबंल और न्याय भी दिलाया है। जिले के राजाखेड़ा उपखण्ड की ग्राम पंचायत हथवारी के अटल सेवा केन्द्र में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शैलेन्द्र पुत्र भगवंतसिंह, बनवारी पुत्र मूला, गजराजसिंह पुत्र शिवचरन द्वारा अपने नाम को शुद्ध करवाने के लिए शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी राजाखेड़ा श्रीमती वर्षा मीणा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। उपखण्ड अधिकारी द्वारा समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही तहसीलदार



राजाखेड़ा श्रीमती दिप्ती देव से आवश्यक दस्तावेज की राजस्व अभिलेख से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तहसीलदार द्वारा भू अभिलेख निरीक्षक रमाशंकर तथा पटवारी प्रवीण कुमार शर्मा से रिकॉर्ड अभिलेख की जांच रिपोर्ट प्राप्त कर अपनी अनुशंषा उपखण्ड अधिकारी को प्रस्तुत की गई। उपखण्ड अधिकारी द्वारा मौके पर ही शीलेन्द्र पुत्र भगवंत के स्थान पर शैलेन्द्र पुत्र भगवंतसिंह, बन्नो पुत्र मूला के स्थान पर बनवारी पुत्र मूला तथा महाराजसिंह पुत्र शिवचरन के स्थान पर गजराजसिंह पुत्र शिवचरनसिंह का नामांतरण शुद्ध किया गया। शिविर में नाम शुद्धिकरण की समस्या का निस्तारण होने पर तीनो लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार श्री भजनलाल शर्मा व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन के संवेदनशील तथा सक्रियता द्वारा हमारी समस्या का त्वरित निस्तारण किया।

## तिवारी बाग वाले वाली का 112वा उर्स हर साल की तरह इस बार भी बड़े हर्षोल्लास के साथ उर्स का आयोजन किया गया

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

पीजी कॉलेज के पास हजरत सैयद अब्दुल रहमान शाह रे,अ, तिवारी बाग वाले वाली का 112वा उर्स हर साल की तरह इस बार भी बड़े हर्षोल्लास के साथ उर्स का आयोजन किया गया जिसमें धौलपुर की जानी मानी पूर्व पार्षद शोभा बाई ने तिवारी बाग वाले बाबा पर चादर पेश करने के बाद अमन चैन बने रहने की दुआ की इस अवसर पर कव्वाली का आयोजन किया गया जिसमें मशहूर कव्वाल फैजान ताज नागपुरी एवं कव्वाल बेबी जारा बारसी दिल्ली दोनों टीमों ने समां बांदे रहे इस प्रोग्राम के दौरान



शांतिपूर्वक होकर जानता कव्वालियों का आनंद लिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद शोभा बाई का सापा माला तस्वीर एवं चांदी का मुकुट बहनाकर सदर यूसुफ खान और उनकी कमेटी ने जोरदार स्वागत किया विशिष्ट अतिथि के रूप में धौलपुर कांग्रेस नेत्री शालिनी शर्मा को साफा माला एवं तस्वीर चांदी का पेन देकर इनका भी जोरदार स्वागत किया गया उसके बाद हमारे अतिथि कांग्रेस नेत्री रोशनी शिवहरे कांग्रेस नेत्री शबनम खान का माल साफा एवं तस्वीर चांदी का नोट देकर इनका भी जोरदार कमेटी के द्वारा सम्मान किया गया इस मौके पर उपस्थित अतिथि जयवीर पोसवाल भाजपा युवा नेता का भी जोरदार स्वागत किया गया हज कमेटी हाजी अजमेरी का उर्स कमेटी के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया साथ ही दरगाह कमेटी भीक्कू खान अशोक डागुर राकेश बंसल खादिम साहब इनका भी जोरदार स्वागत किया उर्स कमेटी की टीम ने सभी अतिथियों और कव्वालों का माला साफा पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया पूरी रात उर्स में रौनक बनी रही धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान के निर्देश अनुसार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए इस प्रोग्राम में धौलपुर की सामाजिक एकता और सांप्रदायिक सद्भावना को मजबूत किया लोगों ने प्रोग्राम को एक सफल और यादगार बनाया धौलपुर पूर्व पार्षद शोभा बाई ने कबबालों को नजराना देकर स्वागत किया धौलपुर और पूरी उर्स कमेटी के सभी लोग मौजूद रहे ।

# पुलिस ने मुठभेड़ में सोने की ज्वैलरी की धोखाधड़ी करने वाले दो घायल आरोपी दो अन्य गिरफ्तार

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

**सोनभद्र ।** थाना अनपरा परिक्षेत्र में 26 को दिन में सुनीता पत्नी अनुपम निवासी अनपरा मार्केट थाना अनपरा जिला सोनभद्र के घर दिन में लगभग 10 बजे 04 व्यक्ति मोटर साइकिल से आए और सोने के गहनें की साफ-सफाई के बहाने धोखाधड़ी करते हुए गहनें चोरी कर ले गए। जिसके संबंध में थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-153/2025 धारा 318(4), 305(ड्ड) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के क्रम में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अभिषेक वर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के विशेष निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के नेतृत्व में थाना अनपरा पुलिस द्वारा आज दिनांक 29.09.2025 को प्रातः दुल्लापाथर मध्य प्रदेश बॉर्डर अनपरा से कुबरी पहाड़ी जाने वाले मार्ग पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी कि दो मोटरसाइकिल पर



चार लोग सवार आते हुए दिखे, रोकने का प्रयास किया गया परन्तु गाड़ी को न रोकते हुए गाड़ी को तेज रफ्तार से भागने लगे जिसपर पुलिस टीम ने पीछा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिर गए तथा गिरने के पश्चात बदमाशों नें पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गई, जिसमें दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। मौके से चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस, एक सोने की चैन, दो सोने का कड़ा, 01 अदद सोने की अंगूठी व सोना साफ करने का केमिकल पाउडर बरामद किया गया। दोनों घायल अभियुक्तों एक सिकंदर कुमार पुत्र किशन लाल निवासी ग्राम समेली थाना कुरसेला जनपद कटिहार बिहार उम्र लगभग 45 वर्ष व दो अमरदीप पुत्र दिनेश प्रसाद निवासी ग्राम समेली थाना कुरसेला जनपद कटिहार बिहार उम्र



लगभग 35 वर्ष को ईलाज हेतु चिकित्सालय लाया गया जहाँ वह ईलाजरत है। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

### गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण

1.सिकंदर कुमार पुत्र किशन लाल निवासी ग्राम समेली थाना कुरसेला जनपद कटिहार बिहार उम्र लगभग 45 वर्ष। (पुलिस मुठभेड़ में घायल)
2.अमरदीप पुत्र दिनेश प्रसाद निवासी ग्राम समेली थाना कुरसेला जनपद कटिहार बिहार उम्र लगभग 35 वर्ष। (पुलिस मुठभेड़ में घायल)
3.रविंद कुमार पुत्र बिल्लो प्रसाद निवासी ग्राम समेली थाना कुरसेला जनपद कटिहार बिहार उम्र लगभग 35 वर्ष।
4.विपिन कुमार पुत्र धनिक निवासी ग्राम भुआ परवल थाना रूपौली जनपद पूर्णिया बिहार उम्र लगभग 34 वर्ष।

### बरामदगी का विवरण-

1.दो अदद अवैध देशी तमंचा।
2.दो अदद जिंदा कारतूस।
3.दो अदद खोखा कारतूस।
4.एक अदद सोने की चैन।
5.दो अदद सोने का कड़ा।
6.एक अदद सोने की अंगूठी।
7.सोना साफ करने का केमिकल पाउडर।
8.दो अदद मोटरसाइकिल बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ,उ0नि0 संतोष कुमार ,उ0नि0 धर्म नारायण,उ0नि0 अशोक कुमार सिंह , हे0का0 राजेंद्र सोनकर ,हे0का0 आनंद मोहन,हे0का0 कमलेश यादव , हे0का0 पंकज यादव, का0 शशि भूषण ,अजीत यादव थाना अनपरा जनपद सोनभद्र।

# अपना घर आश्रम बाड़ी में किया गया नवरात्रा महोत्सव का आयोजन

द डेस्प्रिंग

**बाड़ी/आशीष शर्मा ।** नवरात्रि महोत्सव के सप्तम दिन अपना घर की महिला टीम ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर अपना घर में रह रहे प्रभूजियो के स्वस्थ जीवन की कामना की।



महिलाओं एवं बच्चियों ने माता के भजनों लांगुरिया पर नृत्य व गरबा डांडिया नृत्य भी आयोजित किया। कार्यक्रम में कमलेश आर्य, विमला गर्ग, ऊषा मित्तल ने जगत जननी मां जगदम्बा के नौ रूपों की विशेषता बताई। कार्यक्रम में नीलम मंगल सुनीता मित्तल, सुरभि मित्तल, शालिनी गर्ग, विद्या देवी, आशा बंसल, रानी गर्ग, लता , विमला, शिल्पी , कविता, प्रिंसी, रजनी, रश्मि, निरमा, रितु, सविता, शीतल, कुसुम, आशा, मीरा, कमला, विद्या देवी, मीरा गर्ग, नीतू मंगल, निर्मला शिवहरे, जुली गर्ग, रजनी बंसल सहित पूरी महिला इकाई कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी अपना घर महिला मीडिया प्रभारी रोशनी शिवहरे द्वारा दी गई

# शहरी सेवा शिविर में वार्डवासियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़, /गौरव कुमार मेडतवाल ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी सेवा शिविरों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में वार्ड संख्या 9, 10, 11, 32 एवं 33 के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्डवासियों ने अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याएँ प्रस्तुत कीं। इनमें सफाई से जुड़ी 11 शिकायतें और स्ट्रीट लाइट संबंधी 17 शिकायतें शामिल थीं, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। साथ ही, भवन निर्माण स्वीकृति, नामांतरण, प्रमाण पत्र, 69-ए के पट्टे सहित अन्य प्रकरणों पर भी ऑनलाइन माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### विभागीय गतिविधियाँ

चिकित्सा एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य स्टॉल पर 32 वार्डवासियों की स्वास्थ्य जांच की गई। ऊर्जा विभाग की स्टॉल पर प्राप्त कुल 32 शिकायतों का भी तत्काल निस्तारण किया गया।

### पट्टा नवीनीकरण प्रकरण का त्वरित समाधान

शिविर के दौरान आवेदक सुधाकर महेश्वर एवं शंकर सिंह ने अपने भूखण्डों के पट्टा नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। नगर परिषद प्रशासन ने दोनों प्रकरणों का मात्र एक घंटे में निस्तारण कर आवेदकों को राहत प्रदान की।

# आईआईएमआर द्वारा मक्का की टिकाऊ खेती हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़/ मनीष धोबी ।** भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर), लुधियाना द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से वित्त पोषित "एथेनॉल उद्योगों के जलग्रहण क्षेत्रों में मक्का उत्पादन वृद्धि परियोजना" के अंतर्गत 28-29 सितम्बर 2025 को किसानों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम चित्तौड़गढ़ जिले के राशमी ब्लॉक के मान्याश गांव में आयोजित हुए, जिनमें 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान 32 एकड़ क्षेत्र में प्रदर्शनी इकाइयाँ स्थापित की गईं। किसानों को मक्का की उन्नत, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल खेती पद्धतियों से परिचित कराना तथा मक्का को एथेनॉल उत्पादन हेतु उपयुक्त विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना।

**संस्थान के निदेशक डॉ. एच.एस. जाट ने बताया कि "मक्का अब केवल खाद्य फसल नहीं रही,** बल्कि एक औद्योगिक फसल के रूप में उभर रही है। भारत में इस वर्ष लगभग 50 मिलियन टन मक्का उत्पादन का अनुमान है। आने वाले वर्षों में उत्पादन और बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि तथा देश की खाद्य एवं जैव ईंधन नीति को सशक्त किया जा सकता है।" प्रशिक्षण में किसानों को बीज उपचार एवं उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, मक्का में कीट व रोगों की पहचान एवं समन्वित प्रबंधन, एवं फसल की उत्पादकता एवं गुणवत्ता बढ़ाने की विधियाँ के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आगामी रबी मौसम में मक्का की खेती करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में आईआईएमआर से डॉ. रामनिवास (रिसर्च एसोसिएट) एवं शंकर चौधरी (यंग प्रोफेशनल) उपस्थित रहे। परियोजना प्रभारी डॉ. शंकर लाल जाट ने बताया कि "इस बार अच्छी वर्षा होने से चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में मक्का उत्पादन बढ़ने की संभावना है। निकट भविष्य में अन्य चयनित गांवों में भी इसी प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।" सहायक कृषि अधिकारी अभिषेक चौधरी ने किसानों के साथ उर्वरक प्रबंधन पर सार्थक चर्चा की।

# बेलीपार में मां दुर्गा के दर्शन को लगी रही भीड़ देर रात तक श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति बेलीपार द्वारा मां दुर्गा जी के साथ साथ कई अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा की स्थापना की गई है। सप्तमी को मां दुर्गा का पट्ट खुला तो श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन कर आरती की ओर प्रसाद ग्रहण किया। जहां देर रात तक भारी संख्या में भक्त शामिल रहे। बेलीपार में भक्तों द्वारा करीब 46 वर्षों से समिति के माध्यम से प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। अष्ठमी को भी भक्तों की भीड़ देर रात तक लगी रही। बेलीपार में श्रीश्रीदुर्गा पूजा समिति बेलीपार द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा इतनी मनमोहक है कि भक्त उनके बारम्बार दर्शन कर रहे है। नवरात्र के दौरान माता का दर्शन पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। माता के दरबार में पहुंचने वाले श्रद्धा से लबरेज महिला व पुरूष श्रद्धालु जयकारा लगाते, नारियल, चुनरी, कपूर



आदि अर्पित कर उनकी पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद की कामना करते रहे। इस दौरान धार्मिक गीतों और घंट घड़ियाल के शंखनाद से परिसर में चारो तरफ हो रहा धार्मिक उत्सव लोगों में रोमांच पैदा कर रहा था।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के पोस्टर का किया विमोचन

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** द यग्स क्लब ऑफ द्वारा 5 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर की तैयारियों को लेकर सोमवार को द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि सुजानगढ़ निवासी बेंगलुरु प्रवासी कमलेश भरत डूंगरवाल के सौजन्य से व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से आयोजित होने वाले इस शिविर के लिए आयोजित बैठक में आयोजन विषयक तैयारियों को लेकर चर्चा हुई ,शिविर को सफल बनाने में विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई तथा शिविर के पोस्टर पैंपलेट का विमोचन किया गया।ैठक में क्लब प्रतिनिधि दानमल



शर्मा,कमला सिंघी, महावीर प्रसाद मिरणका,हाजी मोहम्मद,गिरधर शर्मा,संतोष बेडिया, तैयब अली मौजूद थे। उल्लेखनीय है की शिविर में अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर उन्हे परामर्श दिया जाएगा तथा चयनित नेत्र रोगियों के निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉक्टर अपूर्व कोटिया द्वारा डॉक्टर मोहन जैन आई हॉस्पिटल में किए जाएंगे।

# भस्मा रामलीला के पंचम दिवस पर भव्य और दिव्य मंचन से गूंजा पूरा परिसर सीता स्वयंबर, धनुष भंग और अद्भुत संवादों ने दर्शकों को किया भावविभोर

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** भस्मा ग्राम में आदर्श रामलीला प्रचार समिति द्वारा आयोजित भव्य रामलीला महोत्सव के पंचम दिवस का मंचन भक्ति, संस्कृति और नाट्य कौशल का अनुपम उदाहरण बन गया। इस अवसर पर सीता स्वयंबर, धनुष भंग, साधु राजा एवं दुष्ट राजा संवाद, रावण-बाणासुर संवाद तथा परशुराम-राम लखन संवाद जैसे रोचक प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर जब जनकपुरी का राजदरबार सजा और सीता स्वयंवर की मंगल बेला आरंभ हुई, तो पूरा



पंडाल उत्साह और श्रद्धा से गूंज उठा। भगवान श्रीराम द्वारा शिवधनुष उठाने और उसे भंग करने का दृश्य इतना प्रभावशाली रहा कि उपस्थित जनसमूह "जय श्रीराम" के गगनभेदी उद्घोष से पंडाल को गुंजायमान कर उठा। साधु और दुष्ट राजा के बीच हुए तीखे संवादों ने धर्म और अधर्म का



गूढ़ संदेश दिया, जबकि रावण-बाणासुर की वार्ता ने आगामी संघर्षों का संकेत प्रदान किया। परशुराम और राम-लखन के बीच हुआ संवाद इस मंचन का विशेष आकर्षण बना। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और समर्पण से प्रत्येक दृश्य को जीवंत बना दिया। शानदार अभिनय करने वालों में रजनीश पाण्डेय, गिरिजेश पाण्डेय, डॉ. सौरभ पाण्डेय, बजरंगी सहाय पाण्डेय, फणीश पाण्डेय, सोमनाथ पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, अमित पाण्डेय, समीर पाण्डेय, विश्वंभर पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, नितिन पाण्डेय, शिवेश पाण्डेय, किरन पाण्डेय और बाल कलाकार बाल भक्त सौराष्ट्र , संजीत पाण्डेय पंकज पाण्डेय के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे।

# पथानिया बने विप्र फाउंडेशन के जिला सचिव

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़ ।** विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा ने राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा व प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सुजानगढ़ के राजेंद्र पथानिया को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी विप्र समाज के लोगों ने पथानिया को बधाई दी जिनमें पुरुषोत्तम शर्मा पार्षद , दीपक कौशिक, गौरव इंदौरिया, लक्ष्मीनारायण शर्मा, विवेक, अंकित, अवतार आदि अनेक समाज बंधुओ ने बधाई दी।पथानिया ने विप्र फ़ाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव,प्रदेशाध्यक्ष एवं ज़िलाध्यक्ष का आभार जताया।



# एसडीएस महाविद्यालय में स्वच्छता सेवा पखवाड़े में किया पौधारोपण

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ ।** सोना देवी सेठिया कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों व एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत् पौधारोपण का कार्य किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ओर एनसीसी कैडेट्स व महाविद्यालय की अन्य छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ साधना सिंह ने ने युवाओं को कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया।उपप्राचार्य डॉ जयश्री सेठिया ने इसका उद्देश्य पर्यावरण के महत्व और संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ मेघना सोनी ने बताया कि पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण, वनों का विस्तार और हरित आवरण को बढ़ाना है एनएसएस इकाई प्रथम कार्यक्रम अधिकारी संजय वर्मा ने एक विद्यार्थी एक पौधे के लिए प्रेरित किया। इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी चंद्र प्रकाश गुर्जर ने पौधे लगाने और उनके संरक्षण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया इस दौरान समस्त स्टाफ सदस्य व सभी स्वयं सेविकाएं, एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रही।



# जयपुर में गोपालपुरा बाइपास पर बनेगी एलिवेटेड रोड

## 2.160 Km लंबी होगी, पृथ्वीराज नगर में सीवरेज और बीसलपुर के पानी की कनेक्टिविटी मिलेगी

द डेस्प्रिंग

**जयपुर** सीएम भजनलाल ने सभी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र में किए जाने वाले अलग-अलग कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। करीब 450 करोड़ रुपए की लागत की इन छोटी-बड़ी परियोजनाओं में सबसे प्रमुख गोपालपुरा बाइपास पर नई एलिवेटेड रोड है। इसकी आज नींव रखी गई। इसके साथ पृथ्वीराज नगर योजना में बसी कालोनियों के घरों को सीवरेज लाइन और बीसलपुर के पानी की लाइन से जल्द कनेक्टिविटी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आज गोपालपुरा बाइपास पर त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी तक बनाई जाने वाली एलिवेटेड रोड की नींव रखी। करीब 219 करोड़ रुपए की लागत से ये एलिवेटेड रोड बनेगी।




# जूनियर इंस्ट्रक्टर भर्ती में नियुक्तियां रहेगी हाईकोर्ट के फैसले अधीन

## याचिकाकर्ताओं का आरोप-गलत ट्रेड के व्यक्तियों को दी जा रही नियुक्तियां

द डेस्प्रिंग

राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती 2024 के तहत वर्कशॉप और इंजीनियरिंग ड्राइंग ट्रेड में हो रही नियुक्तियों को याचिका के फैसले के अधीन रखने का आदेश दिया हैं। जस्टिस मनीष शर्मा की बेंच ने बृजेश राठौड़ एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आरके गौतम ने कोर्ट को बताया कि भर्ती में वर्कशॉप और इंजीनियरिंग ड्राइंग ट्रेड में अन्य ट्रेड का सर्टिफिकेट प्राप्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा रही है। यह गलत और नियम विरुद्ध है। ऐसा करने से विभाग अभ्यर्थियों के साथ पक्षपात कर रहा है। इससे सही अभ्यर्थी नौकरी से वंचित हो रहे हैं। अदालत नहीं हुआ जवाब से संतुष्ट याचिकार्ताओं ने बताया कि उन्होंने रीडिंग ऑफ ड्राइंग एंड अर्थमेटिक्स से ट्रेड उत्तीर्ण की है। इस विषय से जुड़े पद पर अन्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा रही थी। विभाग अन्य ट्रेड को इस विषय से सुसंगत बताकर यह कर रहा है।

# रेल्वे ने किया दरभंगा से मदार तक अमृत भारत उद्घाटन

### विशेष ट्रेन का सफल संचालन यात्रियों को मिली तेज और आरामदायक सेवा।

द डेस्प्रिंग

**रिपोर्टर/मनोज खंडेलवाल ।** रेल प्रशासन ने सोमवार को यात्रियों की सुविधा और लंबी दूरी की यात्रा को सहज बनाने के लिए दरभंगा जंक्शन से मदार जंक्शन तक अमृत भारत उद्घाटन विशेष गाड़ी संख्या 05587 का संचालन किया। यह विशेष गाड़ी 22 डिब्बों के साथ चलती है, जिसमें आठ स्लीपर, ग्यारह सामान्य, दो एसएलआर और एक भोजनालय डिब्बा शामिल है। गाड़ी दरभंगा जंक्शन से सुबह 11.00 बजे प्रस्थान करती है और क्रमशः कमतौल 11.30-11.35, जनकपुर रोड 12.00-12.05, सीतामढ़ी जंक्शन 12.40-12.45, बैरगनिया 13.15-13.20,




रक्सौल जंक्शन 14.10-14.15, सिकटा 14.40-14.45, नरकटियागंज जंक्शन 15.25-15.35, बगहा 16.35-16.40, सिसवा बाजार 18.25-18.27, कप्तानगंज जंक्शन 19.08-19.10, गोरखपुर जंक्शन 20.10-20.20, बस्ती 21.40-21.42, मनकापुर जंक्शन 22.28-22.30, गोंडा जंक्शन 22.50-22.52, बाराबंकी जंक्शन 00.30-00.35, गोमती नगर 01.30-01.35, बादशाह नगर 01.50-01.52, ऐशबाग जंक्शन 02.25-02.35, उन्नाव जंक्शन 04.05-04.07, कानपुर सेंट्रल 04.40-04.50, फफूंद 06.08-06.10, इटावा 06.50-06.52, टूंडला 09.00-09.02, ईदगाह आगरा जंक्शन 10.20-10.22, भरतपुर जंक्शन 11.20-11.22, मंडावर महुवा रोड 12.30-12.32, बांदीकुई जंक्शन 14.00-14.02, गांधीनगर 15.20-15.22, जयपुर 15.45-15.55, किशनगढ़ 17.35-17.37 होते हुए शाम 18.30 बजे मदार जंक्शन पहुंचती है। इस विशेष ट्रेन के संचालन से यात्रियों को समय पर और सुरक्षित यात्रा का भरोसा मिला है, साथ ही लंबी दूरी की यात्रा अब आरामदायक, सुविधाजनक और तेज़ गति वाली बन गई है। रेलवे प्रशासन ने इस माध्यम से सुनिश्चित किया है कि दरभंगा से मदार तक यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर अनुभव और विश्वसनीय सेवा उपलब्ध हो, जिससे उनकी यात्रा सुलभ और तनावमुक्त हो सके।

# पुलिस ने दबोचा दोपहिया वाहन चोर, चार मोटर साइकिलें बरामद चार किलो 850 ग्राम गांजा बरामद, महिला तस्कर गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** कोतवाली पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी हैं। इसी क्रम में पुलिस ने मोटर साईकिल चोर को गिरफ्तार कर चोरी की चार मोटर साईकिलें बरामद की। इस बीच महिला के कब्जे से कुल चार किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया गया हैं। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री आदि के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर यह



कार्यवाही की गयी बताया गया कि मुकदमा वादी यशपाल बिष्ट पुत्र लक्ष्मण सिंह निवास ग्राम सिसौना ने 24 सितंबर को मोटर साईकिल चोरी के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। इस पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। सिडकुल पुलिस टीम ने ठोस सुरागरसी/पतारसी करते हुये मनोज प्रसाद पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी झा कालोनी पंतनगर थाना पन्तनगर, जिला उधम सिंह नगर को सिडकुल सितारगंज से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की मोटर साईकिल बरामद की गयी। इसके अतिरिक्त उससे चोरी की तीन अन्य मोटर साईकिलें भी बरामद गयीं। इधर शक्तिफार्म पुलिस ने सुनीता विश्वास पत्नी विश्वनाथ निवासी गुरुग्राम, शक्तिफार्म नंबर-2 के कब्जे से 4 किग्रा 850 ग्राम गांजा बरामद किया। इस सम्बन्ध में कोतवाली सितारगंज में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। दोनों आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी शक्तिफार्म प्रकाश भट्ट, चौकी प्रभारी सिडकुल जगत सिंह शाही, अउनि सुरेन्द्र सिंह दानू, सुरेन्द्र सिंह बोरा, हेड कांस्टेबल तारा गड़िया, कांस्टेबल अमित जोशी, कमल गहतोड़ी, भवान सिंह, हरीश कबड़वाल, सुशीला देवी शामिल थे।



# इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड में नॉमिनेट हुए दिलजीत दोसांझ

## इम्तियाज अली को दिया क्रेडिट



सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ को फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का नॉमिनेशन मिला है। एमी नॉमिनेशन की अनाउंसमेंट गुरुवार को हुई है, जिसमें अमर सिंह चमकीला को दो नॉमिनेशन मिले हैं। दिलजीत दोसांझ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से नॉमिनेशन मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लिखा है, ये सब इम्तियाज अली की बदौलत हुआ।

### इन इंटरनेशनल सेलेब्स से कंपीट करेंगे दिलजीत दोसांझ

इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में बेस्ट परफॉर्मर बाय अन एक्टर की कैटेगरी में दिलजीत दोसांझ को चमकीला के लिए, डेविड मिशेल को इन लूडविग, ओरियल प्ला को फिल्म न यो, एडिक्टो, डिएगो वासक्वेज को फिल्म इन वन हंड्रेड एयर ऑफ सोलीट्यूड के लिए नॉमिनेशन मिला है। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा स्टारर फिल्म अमर सिंह चमकीला को बेस्ट टीवी मूवी/ मिनी सीरीज कैटेगरी में भी नॉमिनेशन मिला है। इसके साथ जर्मनी से हेरहोसन: द बैंकर एंड द बॉम्ब, यूनाइटेड किंगडम से लॉस्ट बॉय्ज एंड फैरीज और चिली से वेंसर ए मोरिर भी नॉमिनेटेड हैं। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड 2024 का आयोजन 24 नवंबर को न्यूयॉर्क में होगा, जहां सभी विजेताओं की अनाउंसमेंट होगी। दिलजीत दोसांझ को पहली बार इंटरनेशनल लेवल पर नॉमिनेशन मिला है। सभी नॉमिनीज की अनाउंसमेंट 25 सितंबर को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंस द्वारा की गई है।



# ध्वनि भानुशाली ने बताया कैसे बनी रहती हैं सकारात्मक

**इंडियन पॉप सिंगर और एक्ट्रेस ध्वनि भानुशाली आलोचनाओं के बावजूद खुद को मजबूत बनाए रखती हैं। बातचीत में ध्वनि ने बताया कि उन्होंने अपने भीतर की रोशनी से डर और मुश्किलों को कैसे हराया।**

### नवरात्रि हमेशा से मेरे लिए खास रही है

'यही एहसास मुझे नवरात्रि के वक्त भी होता है। नवरात्रि हमेशा से मेरे लिए खास रही है। मैंने कभी नवरात्रि का कॉन्सर्ट नहीं किया, लेकिन गरबा कई बार खेला है। भीड़ के साथ नाचते हुए जो खुशी और एनर्जी मिलती है, वह किसी जादू से कम नहीं। इस बार मैं चाहती हूं कि स्टेज से ही पूरा उत्सव महसूस करूं और सभी के साथ वो खुशी बाटूं।'

### हर कमेंट और राय से प्रभावित हो जाती थी

'करियर की शुरुआत में मैं हर कमेंट और राय से प्रभावित हो जाती थी। यह मेरी एनर्जी छीन लेती थी। लगता था कि हर किसी की उम्मीद पर खरा उतरना है। लेकिन धीरे-धीरे समझ आया कि मेरी ताकत कीमती है। इसे सही जगह लगाना जरूरी है - अपने गानों, कॉन्सर्ट्स और अपनी खुशी में। वही ताकत, जो पहले मुझे कमजोर करती थी, अब मेरी मजबूती बन गई है। अब तो सोचती हूं, ट्रोलिंग ही सही, कम से कम लोग मेरा नाम तो ले रहे हैं।'

### निडर होने का मतलब है अपनी रोशनी चमकने देना

'मेरे लिए निडर होने का मतलब है कि अपनी रोशनी को चमकने दो, चाहे सामने कितनी भी मुश्किलें हों। हर दिन खुद से कहती हूं- आगे बढ़ो, अपनी राह रोशन करो और अपने सपनों की ओर चलो। यही तरीका है जिंदगी को खुश रखने का। मैंने यह भी सीखा है कि कभी-कभी छोटी-सी हिम्मत कुछ बोलना, किसी फैसले पर टिके रहना या रिस्क लेना, पूरा दिन बदल सकती है। हमारी सकारात्मकता दूसरों तक पहुंच सकती है और जिंदगी में जादू ला सकती है।'

संगीत ही रोशनी फैलाने का मेरा जरिया है

'जब मैं परफॉर्म करती हूं तो खुद को सबसे ज्यादा जिंदा महसूस करती हूं। हर शो मेरे लिए पॉजिटिविटी और खुशी फैलाने का मौका है। मेरे लिए संगीत ही वह जरिया है, जिससे रोशनी सब तक पहुंचती है।'

### इस नवरात्रि मैं नतीजों की चिंता छोड़ना चाहती हूं

'इस नवरात्रि मैं नतीजों की चिंता छोड़ना चाहती हूं। असली खुशी तो उसी प्रक्रिया में है, जब आप अपनी एनर्जी और रोशनी दूसरों से शेयर करते हो और हर दिन को रोशन बनाते हो।'


### फैंस के लिए संदेश

'मजबूत रहो, निडर रहो और हमेशा चमकते रहो। हर पल का जश्न मनाओ, अपनी अंदर की रोशनी को फैलाओ और जिंदगी का पूरा मजा लो। हमारी पॉजिटिविटी ही सबसे बड़ी ताकत है। इसे सही जगह इस्तेमाल करो, सब कुछ बदल जाएगा।'



# श्रुति हासन ने गायिकी के प्रति जताया प्यार

अभिनेत्री श्रुति हासन ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को अपनी गायिकी से हैरान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी संगीतमय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वीडियो में श्रुति पियानो की धुनों के साथ वह अपनी मधुर आवाज में गाना बड़े मन से गा रही हैं। इस वीडियो ने उनके प्रशंसकों का दिल जीत लिया और उनकी बहुआयामी प्रतिभा को एक बार फिर उजागर किया। श्रुति ने वीडियो के साथ एक भावुक कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मक यात्रा के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने लिखा, काफी समय हो गया है कोई नया गाना लिखे। सच कहूं तो, मैं लिख नहीं पा रही हूं। यह कभी परफेक्शन की खोज के बारे में नहीं था। जब दिल से भावनाएं निकलती हैं, तो सही समय पर सबकुछ अपने आप सिखा देती हैं। बस वही होना चाहिए जो मैं हूं और वहीं रहना चाहिए जहां मुझे होना चाहिए। श्रुति हासन न केवल अपनी अभिनय कला के लिए जानी जाती हैं, बल्कि संगीत के क्षेत्र में भी उनकी गहरी रुचि रही है। उन्होंने अपनी आवाज में कई गाने भी गाए हैं और संगीत रचना में भी योगदान दिया है। सोशल मीडिया पर उनके इस पोस्ट को खूब सराहना मिल रही है और प्रशंसक उनके अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में बहुचर्चित फिल्म कुली में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने प्रीति राजशेखर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके साथ सुपरस्टार रजनीकांत, तेलुगु सिनेमा के दिग्गज नागार्जुन अक्किनेनी, मलयालम एक्टर सौबिन शाहिर, और बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भी नजर आए थे।



# टॉम क्रूज के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं अमीषा

**अमीषा पटेल ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'कहो न प्यार है' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। अपनी पहली पहली ही फिल्म से अमीषा इंडस्ट्री की नई सनसनी बन गई थीं। उनकी खूबसूरती की काफी चर्चा थी। अब अमीषा 50 साल की हो चुकी हैं और उन्होंने शादी नहीं की है। अब अमीषा ने अपने क्रश के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज पर जबरदस्त क्रश है। एक्ट्रेस ने यहां तक कहा कि वो उनके साथ कुछ भी करने को तैयार हैं।**

बातचीत के दौरान अमीषा पटेल ने अपने सेलिब्रिटी क्रश को लेकर बात की। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि मुझे टॉम क्रूज पर क्रश है। अगर आप उनके साथ कोई पॉडकास्ट कर सकते हैं, तो प्लीज मुझे भी उस पॉडकास्ट में बुलाएं। मुझे बचपन से ही टॉम क्रूज पसंद हैं। मेरे पेंसिल बॉक्स में, मेरी फाइलों में उनकी तस्वीर लगी रहती थी और मेरे कमरे में सिर्फ टॉम क्रूज के ही पोस्टर होते थे। वो हमेशा से मेरा क्रश रहे हैं। मैं हमेशा मजाक में कहती हूं कि वो इकलौते ऐसे इंसान हैं जिनके लिए मैं अपने उसूलों को ताक पर रख सकती हूं। मैं उनके लिए कुछ भी कर सकती हूं। अगर आप मुझसे पूछें कि क्या तुम उनके साथ वन नाइट स्टैंड के लिए तैयार हो, तो हां मैं वो भी कर सकती हूं।

### 'गदर 2' में नजर आई थीं अमीषा


वर्कफ्रंट की बात करें तो अमीषा पटेल आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'गदर 2' में नजर आई थीं। इस फिल्म में वो सनी देओल के साथ सकीना के किरदार में दिखाई दी थीं। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमीषा और सनी के अलावा उत्कर्ष शर्मा और सिम्रत कौर रंधावा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

### शादी के लिए तैयार हैं अमीषा, योग्य व्यक्ति की है तलाश

अमीषा ने यहां तक कहा कि अगर मुझे मौका मिलता तो मैं उनसे शादी कर लेतीं। इस दौरान अमीषा ने आगे कहा कि मैं शादी के लिए पूरी तरह तैयार हूं, बशर्ते मुझे कोई योग्य व्यक्ति मिले। कहते हैं न जहां चाह, वहां राह, इसलिए जो व्यक्ति मुझे हर मुश्किल से पार पा ले और मौके पर चौका मारले, वही मेरा साथी होगा। मुझे आज भी कई अच्छे परिवारों से तरह-तरह के प्रस्ताव मिलते रहते हैं। वैसे यह पहली बार नहीं है, जब अमीषा ने टॉम क्रूज के लिए अपना प्यार दिखाया हो। इससे पहले भी कई मौकों पर वो दिल खोलकर टॉम क्रूज की तारीफ कर चुकी हैं।

# सर्च- द नैना मर्डर केस: कॉलेज गर्ल की डेथ मिस्ट्री में उलझा कोंकणा का किरदार

कोंकणा सेन शर्मा संजीदा किरदारों को बखूबी निभाना जानती हैं। हाल ही में उनकी एक अपकमिंग सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' का ट्रेलर रिलीज हुआ। जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश कर रही है। सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' के ट्रेलर में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिस के रोल में हैं। वह एक कॉलेज गर्ल की मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश में लगी हैं। इस राह में उसके सामने कई चुनौतियां हैं। कई लोग शक के घेरे में हैं। इस सीरीज में एक तरफ मर्डर मिस्ट्री को दिखा गया है। साथ ही केस को सॉल्व करने के दौरान कोंकणा सेन का किरदार डिजिटल दुनिया के खतरों से भी वाकिफ होता है। इस सीरीज में सोशल मीडिया के स्याह पक्ष को दिखाने की कोशिश की गई, जिसके जाल में यंगस्टर बुरी तरह फंस जाते हैं। कोंकणा सेन स्टारर इस सीरीज की रिलीज डेट भी ट्रेलर के साथ ही शेयर की है। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर 10 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। यह सीरीज रोहन सिप्पी ने डायरेक्ट की है।






# मैं कोई भी पुराना प्रोसेस अगली फिल्म में रिपीट नहीं करता

**एक्टर दीपक डोबरियाल इस वक्त फिल्म 'जुगनुमा' में नजर आ रहे हैं। पहाड़ों की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म की हर जगह तारीफ हो रही है। साथ ही, फिल्म से जुड़े एक्टर्स की भी सराहना हो रही है। सीरियस रोल हो या कॉमेडी दीपक हर किरदार में अपनी छाप छोड़ते हैं। 'जुगनुमा' में भी उनके किरदार को सराहा जा रहा है।**

**'जुगनुमा' से आपने जुड़ने का फैसला क्यों किया? स्क्रिप्ट में क्या पसंद आया?**

मुझे 'जुगनुमा' की हर बात पसंद है। इस फिल्म के बनने का प्रोसेस, डायरेक्शन सब कुछ बढ़िया था। आपने इतना कन्विक्शन के साथ डायरेक्शन नहीं देखा होगा, जहां पर कैनवास एक पूरा पैराग्राफ, डायलॉग या मोनोलॉग बोलने जितना जरूरी है। एक शॉट की ब्यूटी को लेकर जो कमिटमेंट था। इस फिल्म में विजुअल बहुत बड़ा डायलॉग है क्योंकि वो नेचर को कमिटमेंट करते हुए दिखाया




जा रहा है। इसके अलावा बिना बैकग्राउंड स्कोर की फिल्म है। आपने इस तरह की फिल्म नहीं देखी होगी, तो माइंड सेट टूटता है।

**आपके किरदार दर्शकों के जेहन में रह जाते हैं। उनमें पर खूब मीम्स भी बनते हैं। किसी भी किरदार को निभाने का क्या प्रोसेस रहता है?**

हर फिल्म के लिए प्रोसेस अलग होता है। जैसे मेरी हालिया रिलीज फिल्म 'जुगनुमा' में कहानी और डायरेक्शन आपको कहां ले जा रही है। आपको इस हिसाब चलना होता है और खुद को ढालना होता है। अलग-अलग फिल्म में अलग माइंड सेट होता है। कोई भी पुराना प्रोसेस अगली फिल्म में काम नहीं आता है। मैं खुद प्रोसेस रिपीट नहीं करता हूं क्योंकि तभी किरदार में नयापन आ पाएगा। आप कहानी, डायरेक्टर या सीन के हिसाब से भांप लेते हो कि कहानी किस डायरेक्शन में जा रही है।

**आपको अपनी फिल्मों का कौन सा किरदार सबसे चैलेंजिंग लगा है?**

मैं तो कहूंगा सभी रोल चैलेंजिंग थे। जैसे 'तनु वेड्स मनु' के मेरे किरदार के बारे में मेरे दोस्त की राय है कि मैं पप्पी का किरदार को चलते-चलते भी निभा सकता हूं। वो मुझसे कहते हैं कि 10 मिनट में तू 15 तनु वेड्स मनु का रोल कर देगा। लेकिन ऐसा नहीं है। उसमें मैंने आवाज बहुत पतली रखी थी। मेरी आवाज बहुत ज्यादा आर्टिफिशियल थी। उस किरदार में था कि एक आदमी है, जो बातूनी है। सुबह से रात तक बात करता है और उसकी आवाज में पतलापन है। मैंने इस किरदार के लिए कई सारे एक्सपेरिमेंट भी किए थे। सभी किरदार मुश्किल होते हैं, बस बात इतनी है कि उस किरदार को ऑडियंस कितनी मिलती है।

**'जुगनुमा' के बाद आपके फैंस आपको किसी प्रोजेक्ट में देख पाएंगे?**

मैं अपने फैंस से कहूंगा कि पहले वो 'जुगनुमा' देखें। ये बहुत प्यारी फिल्म है। आपको एक अलग तर्जुबा मिलेगा। फिल्म एक अलग दुनिया, एक अलग कैनवास, अलग डायरेक्शन, अलग फिलॉसफी और भी कई एलिमेंट को छूती है। पहाड़ों पर बहुत कम फिल्में बनी हैं। पहाड़ों पर फिल्म बनाने का प्रोसेस काफी मुश्किल होता है। इस फिल्म को बनाने में चार-पांच साल का समय लगा है। कभी कोविड, कभी बारिश तो कभी परमिशन नहीं मिलना, देरी की वजह बना। काफी चुनौतियों के बाद ये फिल्म थिएटर तक पहुंची है। अमूमन मैं किसी फिल्म के लिए नहीं बोलता हूं लेकिन 'जुगनुमा' के लिए बोल रहा हूं। जो भी सिनेमा लवर हैं, कुछ अच्छा होते हुए देखना चाहते हैं तो वो प्लीज इस फिल्म को जरूर देखेंगे।

### आपके लिए सफलता के क्या मायने हैं?

मैं अगले रोल के लिए फिर से उत्साहित हो पाऊं, मेरे लिए ये सफलता है। अगले रोल के लिए मैं बच्चा बन पाऊं, जीरो से शुरू कर पाऊं, ये सफलता है। मैं अपनी मासूमियत बचकर रख पाऊं, ये सफलता है।

## एअर इंडिया की उड़ान सेवाओं में कटौती मामले में केंद्र करे हस्तक्षेप : सतीशन

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह एअर इंडिया एक्सप्रेस के अक्टूबर से राज्य के हवाई अड्डों से उड़ान सेवाओं में कटौती करने के फैसले में हस्तक्षेप करे। सतीशन ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को लिखे पत्र में कहा है कि इस कदम से केरल के लोगों खासकर खाड़ी देशों में रहने वाले प्रवासियों के बीच चिंता पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कोझिकोड और कन्नूर से प्रमुख खाड़ी देशों के लिए उड़ान सेवाएं या तो कम या फिर खत्म कर दी जाएंगी, जबकि मंगलुरु, जयपुर और लखनऊ से अतिरिक्त उड़ानें चलाई जा रही हैं। सतीशन ने कहा कि विमानन कंपनी ने आर्थिक कारणों का हवाला दिया है, लेकिन इस फैसले पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि केरल से खाड़ी मार्ग एअर इंडिया एक्सप्रेस के लिए सबसे ज्यादा लाभदायक मार्गों में शामिल है। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं में कटौती से खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों मलयाली लोगों को भारी कठिनाई होगी, जो किफायती और प्रत्यक्ष कनेक्टिविटी पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 'संघ गीत' एल्बम किया लॉन्च

नागपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को एल्बम 'संघ गीत' लॉन्च किया है जो आरएसएस के गीतों का संग्रह है। उन्होंने इस एल्बम को मातृभूमि के प्रति समर्पण बताया। भागवत ने नागपुर में आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। 'संघ गीत' एल्बम में प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन द्वारा गाए गए 25 गीत शामिल हैं। महादेवन ने कार्यक्रम में इनमें से 10 गीत गाये। गीतों के पीछे की भावना की तारीफ करते हुए संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि संघ गीत मातृभूमि के प्रति समर्पण और जीवन की तपस्या की उपज हैं। ये गीत स्वयंसेवकों के जीवंत अनुभवों से निकलते हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस के पास कई गीत हैं, जिनकी कुल संख्या अनुमानित रूप से 25,000 से 30,000 के बीच है। भागवत ने कहा कि इन गीतों का सार समर्पण की भावना में निहित है और इनके रचनाकारों के नाम ढूंढ़ना अक्सर मुश्किल है। उन्होंने कहा कि संघ गीत गाना कोई आसान काम नहीं है और महादेवन ने इन्हें एक सच्चे स्वयंसेवक की भावना से गाया है। वहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संघ गीत लॉन्च को एक ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि ये गीत देशभक्ति के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे। फडणवीस ने कहा कि प्रत्येक संघ गीत अत्यंत प्रेरणादायक है और जीवन जीने के मूल्यवान सबक सिखाता है।

## जुबिन गर्ग को श्रद्धांजलि देने उनके घर पहुंचे गौतम अडाणी और बेटा जीत

डिसपुर (एजेंसी)। देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके बेटे जीत अडाणी ने असम के गुवाहाटी में दिवंगत गायक-संगीतकार जुबिन गर्ग के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी व उनके बेटे ने यहां काहिलीपाड़ा इलाके में गर्ग के घर पर करीब आधा घंटा बिताया और उनकी पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग से मुलाकात की। अडाणी, ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रविवार रात करीब नौ बजे यहां पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। गौतम अडाणी और उनके बेटे जीत अडाणी असम की महान हस्ती को अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने आए थे। वे कुछ देर गरिमा के साथ बैठे और गायक के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया। बता दें जुबिन गर्ग का 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय निधन हो गया था।

## युवक ने नशे में सीएम योगी को कहे अपशब्द, पुलिस तलाश में जुटी

प्रयागराज (एजेंसी)। सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपशब्द बोलने का मामला सामने आया है। प्रयागराज के एक युवक ने नशे में फेसबुक पर सीएम योगी को गाली देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया, जो वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी का नाम इमरान बताया जा रहा है, जो नारीबारी गांव का रहने वाला है और पेशे से ट्रक ड्राइवर है। वीडियो में वह नशे में सीएम योगी के खिलाफ अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करता नजर आ रहा है। वीडियो के वायरल होते ही हड़कंप मच गया। इलाके के लोग बताते हैं कि इमरान अक्सर नशे की हालत में रहता है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। आरोपी के परिवार ने पुलिस को बताया है कि वह घर पर नहीं है। वहीं यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और प्रशासन इसे लेकर सतर्क है।

## लेह हिंसा के बाद तनाव में पांचवें दिन भी कर्फ्यू जारी, 44 गिरफ्तार

लेह (एजेंसी)। लद्दाख में चल रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बीच 24 सितंबर को भड़की हिंसा के बाद हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। इसके चलते जिले में लगातार पांचवें दिन भी कर्फ्यू जारी है। प्रशासन ने बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी है, जिसके तहत पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध है। इसके अलावा, बिना पूर्व अनुमति किसी भी तरह के जुलूस, रैली या मार्च निकालने पर रोक लगी है। तनाव के बीच पूरे लेह में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। लेह में हुई हिंसा के दौरान अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 90 लोग घायल बताए गए हैं। पुलिस ने उपद्रव और हिंसा फैलाने के आरोप में अब तक 44 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक प्रमुख हैं, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लेकर जोधपुर जेल भेजा गया है। यहां बताते चलें कि प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता वांगचुक लंबे समय से लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग उठा रहे थे।

# चिदंबरम का बड़ा दावा: 26/11 मुंबई हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई करने से रोक दिया था विदेश मंत्रालय ने

### -पाटिल के इस्तीफे के बाद न चाहते हुए भी गृह मंत्रालय भेजा गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने दावा किया है कि 26 नवंबर 2008 के मुंबई हमले के बाद वे पाकिस्तान के खिलाफ तत्काल जवाबी कार्रवाई के पक्ष में थे, लेकिन तत्कालीन विदेश मंत्रालय ने ऐसा करने से रोक दिया था। चिदंबरम का कहना है, कि तब मंत्रालय के अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि इस समय कूटनीति और बातचीत ही दोनों देशों के बीच तनाव को सुलझाने का बेहतर तरीका है।



इस आशय का दावा पी चिदंबरम ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान किया, जिसमें उन्होंने बताया कि जब मुंबई हमले के बाद तत्कालीन गृह मंत्री शिवराज पाटिल मीडिया और जनता के निशाने पर आए, तो उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वित्त मंत्री चिदंबरम को गृह मंत्रालय भेजा गया। चिदंबरम ने बताया, कि वह इस तबादले के लिए तैयार नहीं थे, क्योंकि उन्होंने वित्त मंत्रालय में पांच बजट पेश किए थे और अगले साल चुनाव होने वाला था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने उन्हें फोन कर सूचित किया कि गृह मंत्रालय में उन्हें स्थानांतरित करने का सामूहिक फैसला लिया गया है। चिदंबरम ने कहा, कि मंत्रालय के अधिकारी बार-बार कहते थे कि दोनों देशों के बीच तनाव को सैन्य कार्रवाई से नहीं, बल्कि रचनात्मक कूटनीतिक प्रयासों से ही सुलझाया जाना चाहिए। इस कारण तत्काल जवाबी कार्रवाई नहीं हो सकी। गौरतलब है कि 26/11 मुंबई हमले में पाकिस्तान से आए लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने मुंबई के विभिन्न स्थानों पर हमला किया। इन हमलों में 166 लोगों की जान गई थी और सैकड़ों लोग घायल हो गए थे। इन हमलों के चौथे दिन, यानी 29 नवंबर 2008 को भारतीय सुरक्षा बल आतंकियों का पूरी तरह खात्मा करने में सफल रहे। इन 10 आतंकवादियों में अजमल कसाब एकमात्र ऐसा आतंकी था जिसे जिंदा पकड़ा गया और अदालत के आदेश से उसे फांसी दी गई।

बहरहाल 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार बनने के बाद से भारत की पाकिस्तान नीति पूरी तरह बदल गई। अब भारत हर आतंकवादी वारदात के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अधिक सख्त और निर्णायक कार्रवाई करता है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान इसी रणनीति का हिस्सा हैं, जिसमें आतंकियों और उनके संरक्षकों को उनके ठिकानों पर मारने की नीति अपनाई गई।

## कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगा 'एक्स' : कंपनी बोली- यह अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** एलन मस्क की कंपनी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) ने कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया फैसले पर आपत्ति जताते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने का ऐलान किया है। कंपनी का कहना है कि अदालत का आदेश भारतीय नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार पर सीधा हमला है। इस मामले को लेकर 'एक्स' ने अपने आधिकारिक पोस्ट में लिखा, कि इस आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों को एक सीक्रेट ऑनलाइन पोर्टल के जरिए मनमाने ढंग से कंटेंट हटाने के निर्देश देने का अधिकार मिल गया है। यह व्यवस्था न तो आईटी एक्ट की धारा 69 के तहत है और न ही किसी अन्य कानून में इसका आधार मौजूद है। यह सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों के भी खिलाफ है। गौरतलब है कि 24 सितंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्स की केंद्र सरकार के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि विदेशी कंपनियां भारतीय संविधान के तहत अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार नहीं मांग सकतीं। दरअसल, मार्च 2025 में एक्स ने भारत सरकार के खिलाफ याचिका दायर की थी। कंपनी का आरोप था कि सरकारी अधिकारी आईटी एक्ट की धारा 79(3)(बी) का गलत इस्तेमाल कर एक्स पर जबरन कंटेंट ब्लॉक कर रहे हैं। कंपनी ने इसे नियमों और प्रक्रियाओं के खिलाफ बताया था। इसी के साथ ही कंपनी ने कहा, कि वह इस फैसले को उच्चतम अदालत में चुनौती देगी। पोस्ट में लिखा गया, हम भारत के नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए हर कानूनी कदम उठाएंगे। यह सिर्फ एक कंपनी का मामला नहीं है, बल्कि हर भारतीय के अधिकार का सवाल है।

## अमित शाह के दावे पर कांग्रेस का पलटवार, कहा- बिहार में महागठबंधन को मिलेगा जनादेश

### -जयराम बोले- ....राजनीति में वीसी का मतलब वोट चोरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह के इस दावे पर कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 243 में से 160 से अधिक सीटें मिलेंगी, कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि शाह वोट चोरी और वोट रेवड़ी की राजनीति के सहारे ऐसी उम्मीद जता रहे हैं, लेकिन बिहार की जागरूक जनता उनकी इस साजिश को नाकाम कर देगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, कि शिक्षा जगत में वीसी का मतलब कुलपति होता है, स्टार्ट-अप की दुनिया में वीसी का मतलब वेंचर कैपिटल होता है और सेना में वीसी का अर्थ वीर चक्र होता है। लेकिन आज राजनीति में वीसी का नया मतलब है- वोट चोरी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में भाजपा और उसके सहयोगी वीसी (वोट चोरी) और वीआर (वोट रेवड़ी) की रणनीति से चुनाव जीतना चाहते हैं। जयराम रमेश ने कहा, कि गृह मंत्री ने आत्मविश्वास के साथ ऐलान किया है कि राजग को 160 से अधिक सीटें मिलेंगी। लेकिन बिहार की राजनीतिक रूप से सजग जनता इन षड्यंत्रों को परास्त करेगी। महागठबंधन जीतेगा और इसका पहला झटका दिल्ली की सत्ता में बैठे लोगों को लगेगा।

कांग्रेस का यह बयान ऐसे समय में आया है जबकि भाजपा लगातार बिहार में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में लगी हुई है। अमित शाह ने हाल ही में चुनावी रैली के दौरान कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राजग की एकजुटता के बल पर राज्य में 160 से अधिक सीटें जीतना तय है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार का चुनावी माहौल अभी पूरी तरह खुला है। राजग और महागठबंधन दोनों ही अपने-अपने वोट बैंक को साधने की कोशिशों में जुटे हैं। गृह मंत्री अमित शाह के दावे और कांग्रेस के पलटवार से यह साफ है कि चुनावी जंग तेज़ होती जा रही है।

# दीपावली पर्व मेला को लेकर समिति की बैठक संपन्न हुआ

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

सोनभद्र थाना अनपरा परिक्षेत्र स्थित औड़ी श्री हनुमान मंदिर जो कई राज्यों के सीमाओं से घिरा हुआ है। प्रत्येक वर्ष दस दिनों तक चलने वाला मेला में लाखों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए आते है। आस्था के केंद्र श्री हनुमानजी मंदिर औड़ी से विख्यात हैं। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष दिपावली के अवसर पर दस दिवसी मेले का आयोजन किया जाता है जिसमे दुर दुराज से लोग अपनी मन्नत एवं दर्शन पुजन करने के लिए भक्तो के भारी उमड़ती है साथ ही पुरे मेले तक महा भण्डारे का आयोजन किया जाता है। दिपावली के अवसर लगने वाले मेले भण्डारे की व्यवस्था एवं समिती के कार्यो के मंथन पर सोमवार को 11 बजे हनुमान मंदिर प्रांगण मे जय बजरंग सेवा समिति पहाड़ी वाले मंदिर औड़ी झिंगुरदह कार्यकारणी बैठक का सम्पन्न हुआ जिसमें मंदिर के विभिन्न समस्या जैसे मेला व्यस्थापक वार्ता, मेला सुरक्षा, पेयजल समस्या, दुकानो का विस्तार, मंदिर का विस्तार, अतिक्रमण के खिलाफ, मुंडन स्थल, मंदिर प्रांगण की साफ सफाई की व्यवस्था, भण्डारा रसीद, नारियल तोड़ने वाले जगह पर विचार विर्मश एवं वार्ता किया गया।



मेला समिति के व्यस्थापक अजय प्रकाश पाण्डेंय एवं समिति के संरक्षक दिपक सिंह, गोविन्द मिश्रा महा सचिव दशा राम यादव के समक्ष मेले से जुड़े एवं मंदिर मे अतिक्रमण, सभी दुकानदारो की समस्याओ से अवगत होने के उपरान्त मेला समिति ने सभी प्रस्ताव एवं विचार कर निर्णय लिया की अभी मेले आयोजन तक सभी लोग समिति के हर प्रस्ताव का सर्मथन करे समिति के फैसले का सम्मान करे एवं मेला आयोजन को सफल बनाए। मंदिर से जूड़े हर समस्या का निस्तारण मेला उपरान्त प्रशासन की मदद से किया जाएगा।

### मुंडन स्थल एवं नारियल तोड़ने के स्थल का विवाद सुलझाया गया

पहाड़ी वाले श्री हनुमान जी मंदिर औड़ी मे मुंडन स्थल को लेकर दो नाई के बिच चल रहे विवाद को मेला समिति के संरक्षक द्वारा मामले को सुलझाया गया जिसमे मंदिर परिसर मे मौजूद मुंडन स्थल को दोनो नाई के बिच समझौता करा दिया गया। नारियल तोड़ने वाले स्थल पर भक्तो द्वारा मिली शिकायत की जबरन धन उगाही करते है उस पर संरक्षक द्वारा रोक लगाया गया जो भक्त श्रद्धा पुर्वक दान दे वही लिया जाए किसी से जबरन धन ना मागें। बैठक समिति ने यह निर्णय लिया की कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष दिपावली के अवसर पर लगने वाले मेले कि तैयारी पर जोर दिया जाए मेले मे कम समय बचा है अभी मंदिर के कायाकल्प, साफ सफाई पर जोर देना है जय बजरंग सेवा समिति पहाड़ी वाले मंदिर औड़ी की बैठक प्रत्येक माह किया जाएगा जिसमे मंदिर सं जूड़े हर समस्या का निस्तारण होगा बैठक में गोकुल यादव, अन्जनी संत, राकेश पाण्डेय, चंद्रमौली मिश्रा, जगदीश साहनी, दशाराम यादव, शशि पाण्डेय, प्रमोद शुक्ला, राकेश बैसवार, राकेश बैसवार उर्फ लाले बैसवार , आकाश पाण्डेय,सुरेश मिश्रा, संदीप यादव, प्रशान्त शर्मा, मंदिर समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे समिति के फैसले का सभी ने सर्मथन किया ।

## घोड़ीदाना पर जुआं खेलते एचएस सहित 07 गिरफ्तार

### नगद राशि 5230 रू व जुआ सट्टा सामग्री जब्त

द डेस्प्रिंग



**चित्तौड़गढ़ / फ़रीद खान ।** कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर घोड़ीदाना पर दांव लगा जुआ खेलते 07 जुआरियों को गिरफ्तार कर दांव पर लगे 5230 रूपये व जुआ सट्टा सामग्री जब्त की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक सुरेश सालवी निम्बाहेड़ा थाने का एचएस शामिल हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कस्बा निम्बाहेड़ा में जुआ, सट्टा जैसी बुरी आदतों में लिप्त हो रहे युवाओं पर कड़ी निगरानी रखते हुए, सार्वजनिक स्थान पर घोड़ीदाना पर दांव लगाकर जुआ खेलने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने के क्रम में एएसपी सरिता सिंह के मार्गदर्शन एवं डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के पर्यवेक्षण में, थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेड़ा रामसुमेर मीना पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में रविवार को कोतवाली निम्बाहेड़ा के एएसआई जुल्फकार खां, कानि. मुदीत, चन्द्रवीर, होमगार्ड मुकेश कुमार, विजेश कुमार व मनीष के द्वारा दबिश देकर कस्बा निम्बाहेड़ा में 27 वर्षीय विकास सिंह पुत्र प्रभात सिंह राजपूत निवासी हुड़को कॉलोनी निम्बाहेड़ा, 44 वर्षीय सुरेश पुत्र बाबरू सालवी जाति बलाई निवासी कच्ची बस्ती निम्बाहेड़ा, 23 वर्षीय अमजद पुत्र अब्दुल वहीन निवासी नूर महल रोड़ हाल नया बाजार निम्बाहेड़ा, 22 वर्षीय सोहेल खान पुत्र मोहम्मद उमर निवासी सिंधी कॉलोनी निम्बाहेड़ा, 29 वर्षीय शाहरूख खान पुत्र जहुर खान पठान निवासी डाक बंगला रोड़ कैंची चौराया निम्बाहेड़ा, 29 वर्षीय शौकीन पुत्र रामचन्द्र गायरी निवासी नया बजार गायरी मोहल्ला निम्बाहेड़ा, 35 वर्षीय अतुल उर्फ अंकुर पुत्र जगदीश चन्द्र माहेश्वरी निवासी माहेश्वरी मोहल्ला निम्बाहेड़ा, मुशरफ कुरेशी उर्फ चुन्नी काटा पुत्र रईस मोहम्मद निवासी सब्जी मण्डी औकाम मोहल्ला निम्बाहेड़ा, आबीद खान उर्फ दही बड़ा पुत्र वहीद खान निवासी नया बाजार निम्बाहेड़ा एवं कल्लन खां निवासी बड़ा कसाई मोहल्ला निम्बाहेड़ा को एक समूह बनाकर बड़ा कसाई मोहल्ला में सार्वजनिक स्थान पर घोड़ी दाने पर रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए पाया जाने से मौके से थाना कोतवाली निम्बाहेड़ा के एच.एस. सुरेश सालवी सहित 07 जुआरियों विकास सिंह, अमजद, सोहेल, शाहरूख, शौकिन व अतुल को गिरफ्तार किया तथा मौके से भागने वाले तीन जुआरियों को नामजद किया गया। दांव पर लगे व लगाने के लिए रखे 5230 रूपये व जुआ सट्टा सामग्री जब्त कर थाना कोतवाली निम्बाहेड़ा पर जुआं अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों में से अधिकतर के खिलाफ पूर्व में भी जुआ सट्टा के मुकदमें दर्ज हो सजा हो चुकी है।

## चैतन्यानंद मामला: पुलिस का दावा बाबा ने 16 लड़कियों का किया यौन शोषण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यौन शोषण मामले में आरोपी चैतन्यानंद पर दिल्ली पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। रविवार को पटियाला हाउस कोर्ट ने बाबा को 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। इसके बाद सोमवार तड़के दिल्ली पुलिस की टीम बाबा को उस इंस्टिट्यूट लेकर पहुंची, जहां छात्राओं का शोषण किया जाता था।



दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एफआईआर जोड़ी है, जो गैर-जमानती अपराध है और हत्या की धमकी जैसे गंभीर अपराधों के लिए लगाई जाती है। इससे पहले इस मामले में जो अपेक्षाकृत कम गंभीर मानी जाती है। पुलिस का दावा है कि बाबा ने अब तक 16 लड़कियों के साथ यौन शोषण किया है और इसके पुख्ता डिजिटल सबूत भी मौजूद हैं। पुलिस ने कोर्ट से बाबा और पीड़िताओं का आमना-सामना कराने तथा छिपाए गए डिजिटल सबूतों को इकट्ठा करने के लिए हिरासत की मांग की थी। दूसरी तरफ बाबा के वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पुलिस उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं कर रही है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि बाबा वरिष्ठ नागरिक और साधु हैं, जिनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है और पुलिस पहले ही उनका सारा सामान जब्त कर चुकी है। पुलिस की जांच में यह सामने आया कि बाबा ने बाथरूम तक में कैमरे लगाए थे, जिससे छात्राओं की निजता का गंभीर उल्लंघन होता था। पुलिस का कहना है कि पीड़ित लड़कियों को अल्मोड़ा, गुड़गांव और फरीदाबाद तक ले जाया जाता था। फिलहाल 16 लड़कियों ने इस मामले में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। डिजिटल सबूतों को मजबूत बनाने के लिए पुलिस आईपी एड्रेस की भी जांच कर रही है। जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के ऊपर बनेंगे बंदरों के लिए झूले, नीचे दौड़ेंगे वाहन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर बने एशिया के सबसे लंबे वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर पर जहां ऊपर वाहन फर्राटा भरेंगे, वहीं नीचे वन्यजीव आराम से विचरण कर सकेंगे। इसके साथ अब सड़क हादसों से बचाव के लिए एक और अनोखी पहल होने जा रही है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से यहां उत्तर प्रदेश का पहला मंकी लैडर तैयार किया जाएगा। यह लैडर खासतौर पर बंदरों के लिए बनाया जा रहा है, ताकि वह सड़क पार करते समय सीधे वाहनों की चपेट में न आएं और कॉरिडोर पर किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज कुमार मौर्य के अनुसार, यह मंकी लैडर पेड़ों से जुड़ा होगा। इससे बंदर आसानी से एक ओर से दूसरी ओर जा सकेंगे और उन्हें सड़क पर उतरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह सड़क पर अचानक आने वाले वन्य जीवों से होने वाले हादसों की संभावना कम हो जाएगी। यह व्यवस्था वन्य जीवों और सड़क सुरक्षा दोनों को ध्यान में रखकर की जा रही है।

इस प्रयोग का उद्देश्य न केवल सड़क हादसों को रोकना है, बल्कि जैव विविधता की रक्षा करना भी है। एक्सप्रेसवे से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं और यदि वन्य जीवों के लिए सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलती है, तो यह मानवीय और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करेगा। बंदरों का यह सुरक्षित मार्ग पूरे उत्तर भारत के लिए मिसाल बन सकता है। ये उत्तर प्रदेश का पहला मंकी लैडर होगा। जो इस एक्सप्रेसवे पर तैयार किया जाएगा। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर एशिया का सबसे लंबा वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर बना है, जिसके ऊपर वाहन फर्राटे भर सकेंगे। वहीं वन्यजीव आराम से घूम सकेंगे। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हिस्सा सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों और राजाजी नेशनल पार्क से होकर गुजरता है। इस इलाके में बंदरों की संख्या बहुत ज्यादा है और अक्सर वे सड़क पर आ जाते हैं। इससे वाहन चालक भले ही धीमी गति से चलें, लेकिन अचानक सामने आने वाले बंदर सड़क हादसों का कारण बन जाते हैं। इस समस्या का समाधान करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर पर मंकी लैडर बनाने का निर्णय लिया है। मंकी लैडर का निर्माण यूपी में पहली बार किया जा रहा है। अधिकारी उम्मीद कर रहे हैं कि इस पहल से सड़क पर होने वाले हादसे कम होंगे और वन्य जीवों की सुरक्षा बढ़ेगी। इसके अलावा यह परियोजना पर्यावरणीय शिक्षा का भी उदाहरण बनेगी, जिससे लोग जानवरों और उनके आवास के प्रति अधिक संवेदनशील होंगे। सहारनपुर के इलाके में वाहन चालक कई बार बंदरों से टकराने से बचते हैं, लेकिन अचानक आने से कई बार हादसे हो चुके हैं। मंकी लैडर से बंदर ऊपर से सुरक्षित सड़क पार करेंगे और वाहन चालकों को भी सुरक्षित यात्रा का मौका मिलेगा। इससे एक्सप्रेसवे पर यातायात में व्यवधान और दुर्घटनाओं की संभावना दोनों कम होंगी।



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447